


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 305 | कोरबा, रविवार , दिनांक 04 अगस्त 2024 डाक 05 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**

शिलांग के पोलो ग्राउंड स्थित जेएनएस कॉम्प्लेक्स में डूरंड कप 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा



**देश-विदेश**

ब्रिटेन में बढ़ाई गई मस्जिद की सुरक्षा, तीन बच्चियों की हत्या के विरोध ने पकड़ा तूल



**कोरिया जिला**

मंगलभवन की शिलापट्टिका क्षतिग्रस्त स्थिति में मिली



# सीएम श्री साय ने प्रदेशवासियों को हरेली त्यौहार की बधाई और शुभकामनाएं दी

## ☛ हरेली त्यौहार पर एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील की



नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरेली पर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने की अपील की है। प्रदेशवासियों को हरेली त्योहार की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति यहां के उत्सवों में प्रमुखता से दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ का लोक त्योहार हरेली छत्तीसगढ़ के जन-जीवन में रचा-बसा खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्यौहार है। इसमें अच्छी फसल की कामना के साथ खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की जाती है। इस दिन धरती माता की पूजा कर हम भरण पोषण के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस बार हम धरती माता का आभार उनकी पूजा करने के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' लगाएं और हरेली की खुशियां मनाएं। साय ने कहा कि हरेली त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आए। समय बदलता है लेकिन छत्तीसगढ़ अपनी परंपराएं नहीं छोड़ता। हवाई झूलों के दौर में भी रहचुली झूला की परंपरा छत्तीसगढ़ के लोग याद रखते हैं जो उन्हें अपने ग्रामीण अंचल और पुरखों से जोड़ती है। हरेली के पावन अवसर पर रहचुली झूले पर चढ़ते हैं और याद करते हैं कि मनोरंजन के माध्यम बदले हैं मनोरंजन नहीं बदला है। इस अवसर पर अतिथिगण रहचुली के उत्साह को फिर से याद करेंगे। गेड़ी के उत्साह को याद करेंगे। सीसी रोड से पहले के दिनों में जब ग्रामीण सड़कें मानसून की उफान में कीचड़ में तब्दील हो जाती थीं तब गेड़ी सबसे सुरक्षित जरिया होता था ताकि कीचड़ से बच सकें। साथ ही हरेली के मौके पर बारंबार गेड़ी चढ़कर सावन मास के उत्साह को जाहिर किया जाता था।

### छत्तीसगढ़ी पकवान से महक उठा सीएम हाऊस

हरेली त्यौहार में छत्तीसगढ़ व्यंजनों से महक उठा है मुख्यमंत्री निवास। आगन्तुकों के त्योहार में स्वागत के लिए खास तौर पर ठेठरी, खुरमी, पीडिया, गुलगुला भजिया, चीला जैसे पकवान बनाए जा रहे हैं। हरेली तिहार का आरंभ सावन महीने की अमावस्या से होता है। यह त्योहार मानसून के मौसम के आगमन का प्रतीक है, जो खेती के लिए सबसे अनुकूल समय माना जाता है। हरेली का त्यौहार का संबंध कृषि से जुड़ा है इस दिन खेतों में बोनी पूर्ण होने के बाद अच्छी फसल की आस में कृषि यंत्रों की पूजा की जाती है। हरेली त्यौहार में स्वच्छता का भी महत्व है गांवों में विशेष सफाई और सजावट की जाती है। घरों के आंगनों और खेतों में नीम के पत्तों, आम की पत्तियों और गोबर से अल्पना बनाई जाती है, जो शुभता और समृद्धि का प्रतीक है।



### मुख्यमंत्री निवास में लगी कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का रायपुर स्थित निवास कार्यालय में धूम-धाम से हरेली तिहार मनाया जा रहा है। यहां मेले-मड़ई जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। पारंपरिक लोक यंत्रों के साथ सुंदर नाचा का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री निवास में ग्रामीण परिवेश जीवंत हो उठा है। कहीं सुंदर वस्त्रों में सजे राऊत नाचा कर रहे कलाकारों की रंगत है तो कहीं आदिवासी कलाकार अपने पारंपरिक लोक नृत्य करते नजर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ का अद्भुत ग्रामीण लैंडस्केप अपनी सम्पूर्ण सांस्कृतिक सुंदरता में यहां दिखायी दे रहा है। अलग अलग तरह की धुनों में छत्तीसगढ़ी संगीत का माधुर्य अपने चरम पर है। मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व के अवसर पर कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी गई है। किसानों को कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत 20 टेऊक्टर एवं एक हारर्वेस्टर का वितरण भी किया जाएगा। कृषि यंत्रीकरण मिशन के तहत राज्य के 1600 किसानों को टेऊक्टर दिए जाने का लक्ष्य है। सीमांत, महिला, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कृषकों को टेऊक्टर 50 प्रतिशत अनुदान पर तथा अन्य वर्ग के कृषकों को 40 प्रतिशत अनुदान पर प्रदाय किया जाएगा।

# जम्मू कश्मीर में बादल फटा, तेज बहाव में बह गए लोगों के घर

## श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

श्रीनगर, 04 अगस्त [एजेंसी]।

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में बादल फटने से एक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे मुख्य श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया है। कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांदरबल जिले के कचेरवान में सड़क क्षति के कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण आवासीय घरों सहित कुछ इमारतों को नुकसान हुआ है। वहीं मई माह के दौरान बादल फटने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। राजमार्ग के बंद होने से कश्मीर घाटी लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश से कट गई है जबकि अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल आधार शिविर भी दुर्गम हो गया है। नुकसान का आकलन करने के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार कंगन, गांदरबल में बड़े पैमाने पर बादल फटने से कई सड़कों और फसलों को भी नुकसान हुआ है। नुकसान का



आकलन करने और स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

## स्लीपर बस और कार की भीषण टक्कर,छह की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुआ है। जहां एक डबल डेकर बस और कार की भीषण टक्कर हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है और 40 लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हादसे पर एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में सात लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस की रात करीब 12.30 बजे एक कार से टक्कर हो गई। बस में 60 लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई और करीब 20-25 लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार तीन लोगों की भी मौत हो गई।



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा




# एससी/एसटी आरक्षण में कोटा पर तेजस्वी का विरोध, बोले- केंद्र सरकार अध्यादेश लाए, नहीं तो सड़क पर संघर्ष होगा

पटना, 04 अगस्त [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने कई साल पुराने निर्णय को पलटते हुए एससी/एसटी आरक्षण में कोटा के अंदर कोटा को मंजूरी दी है। इसके बाद से यह मुद्दा गरम है और देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। कई दल इसके समर्थन में हैं तो कई इसके विरोध में है। वहीं, राजद ने भी इस फैसले के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और इसे बदलने की मांग की है। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारी पार्टी का हमेशा यह



मत रहा है कि आरक्षण कोई गरीबी उन्मूलन योजना नहीं है। एससी/एसटी के आरक्षण का आधार जब आर्थिक है ही नहीं तो इसमें क्रीमी लेयर का प्राविधान क्यों लाया जा रहा है।

यह निर्णय भारतीय संविधान की मूल भावना और 1932 पूना पैक्ट के खिलाफ है। तेजस्वी ने कहा कि आरक्षण का आधार आर्थिक नहीं, बल्कि युगों-युगों से समाज में व्याप्त सामाजिक भेदभाव, छूआछूत और सामाजिक पिछड़ापन है। आज भी पूर्व सीएम जीतनराम मांझी और अखिलेश यादव जब मंदिर जाते हैं तो कथित जन्म से श्रेष्ठ स्वयंभू लोग उस मंदिर तक को गंगाजल से धोते हैं। मुट्ठीभर लोग देश के करोड़ो दलितों-आदिवासियों के भाग्य विधाता नहीं बन सकते।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश के दलित, आदिवासी और वैधानिक दर्जा प्राप्त अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग अपना भला बुरा सोचने के लिए सक्षम है। सरकार उन पर अपना निर्णय थोपने का प्रयास न करे। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार अविलंब अध्यादेश लाकर वर्गीकरण से जुड़ी विसंगतियों को दूर करे अन्यथा दलित-आदिवासी भाई-बहनों के साथ सड़क पर संघर्ष होगा।

# सागर जिले में मंदिर परिसर से लगी 50 साल पुरानी कच्ची दीवार गिरी, शिवलिंग बना रहे आठ बच्चों की मौत

**सागर 04 अगस्त।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर में रविवार को सुबह हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र में गम में डुबा दिया। हरदौल मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। सावन के महीने में यहां सुबह से शिवलिंग बनाए जा रहे हैं। रविवार को भी शिवलिंग बनाने का काम शुरू हुआ। रविवार को अवकाश का दिन होने की वजह से शिवलिंग बनाने के लिए आठ से 14 साल के बच्चे भी बड़ी संख्या में पहुंचे। वे सुबह जब शिवलिंग बना रहे थे, तभी मंदिर परिसर के बाजू वाली करीब पचास साल पुरानी एक कच्ची दीवार भराभराकर गिर गई। यह दीवार शिवलिंग बना रहे बच्चों के ऊपर सीधी गिरी, जिससे आठ बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। तत्काल ही दीवार के मलबे को हटाने का कार्य शुरू हुआ तो इसके नीचे और दबे बच्चों को निकाला गया। नगर परिषद, पुलिस व नगर वासी राहत कार्य में लगे हुए हैं।



सूचना मिलने पर रहली विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भी मौके पर पहुंचे।जानकारी के मुताबिक मंदिर परिसर के बाजू में पचास साल पुरानी यह दीवार जर्जर हो चुकी थी। इसके बाद भी इसे गिराया नहीं गया। सागर में इन दिनों भारी वर्षा हो रही है। 24 घंटे के अंदर ही यहां 104 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। ऐसे में कच्चे व जर्जर मकानों को खतरा बना हुआ है। मंदिर के पास स्थित भी मिट्टी की दीवार लगातार वर्षा में गिर गई, जिससे यह हादसा हो गया। हादसे के बाद लोग घायलों को लेकर शाहपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल में एक भी डॉक्टर नहीं मिला। केवल एक कर्मचारी यहां मौजूद था। इसको लेकर क्षेत्रवालों ने इस पर नाराजगी जाहिर की। लोगों ने कहा कि यहां जो डॉक्टर हैं, वे कभी-कभार भी आते हैं जो दस्तखत करके चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जब बच्चों को लाया गया तो मरहम-पट्टी करने वाला भी मौजूद नहीं था।

## हर मानसून में डूब जाती है दिल्ली, बच्चे के सीवर में गिरने की घटना पर बांसुरी स्वराज ने आप पर बोला हमला

नईदिल्ली, 04 अगस्त ।

दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी इलाके में बच्चे के सीवर में गिरने की घटना को लेकर सियासत गरमा रही है। ताजा मामले में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। बांसुरी स्वराज ने कहा, आम आदमी पार्टी की पुरानी आदत है, वे कोई काम नहीं करते और जब कोई संकट आता है, तो वे अधिकारियों को दोषी ठहराते हैं। मैनहोल खुलने का यह संकट इसलिए आया है क्योंकि उन्होंने समय पर नालों की सफाई नहीं की।

# अटल-आडवाणी, मोदी-शाह से केजरीवाल-सिसोदिया तक, राजनीतिक जगत में ये दोस्ती बनीं मिसाल, मुश्किल समय में भी रहे साथ

नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।

भारत समेत दुनिया के कई देशों में आज फ्रेंडशिप डे मनाया जा रहा है। मुश्किल के समय काम आने वाले इंसान को ही सच्चा दोस्त कहा जाता है। ऐसी ही सच्ची दोस्ती राजनीति में भी कई बार देखने को मिली है। वैसे तो राजनीति में कहा जाता है कि न कोई स्थाई दोस्त है न दुश्मन, लेकिन कुछ नेता ऐसे भी रहे जिनकी दोस्ती के किस्से काफी मशहूर रहे। पीएम मोदी और देश के गृह मंत्री अमित शाह की दोस्ती के किस्से तो सभी ने सुने होंगे, लेकिन इसके इतिहास से हर कोई वाकिफ नहीं है। मोदी और शाह की दोस्ती दशकों पुरानी है और भारतीय राजनीति में सबसे मजबूत भी गिनी जाती है। मोदी-शाह का रिश्ता 1980 के दशक से है। दोनों में दोस्ती



तब से है, जब मोदी गुजरात के सीएम भी नहीं थे। शाह ने एक बयान में बताया था कि आरएसएस की शाखाओं में कई लोग ऐसे ही मिल जाते हैं, लेकिन उनसे गहरी दोस्ती हो जाती है।

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकरसिंह वाघेला ने शाह और मोदी की दोस्ती को एक ही पंख के पक्षी बताया था। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की दोस्ती 1950 के दशक में हुई थी। दोनों भारतीय जनसंघ में थे, जिसे अब भारतीय जनता पार्टी से जाना जाता है। वैसे तो भाजपा को अब दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर पार्टी कहा जाता है, लेकिन इसे इस काबिल बनाने में इन दोनों नेताओं की अहम भूमिका मानी जाती है। वाजपेयी और आडवाणी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी का भी मिलकर विरोध किया था।

### विद्यार्थियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाने के निर्देश

# सिर्फ हास्टल चलाना नहीं, विद्यार्थियों का भविष्य संवारना भी है जरूरी :कलेक्टर

कोरबा। जिले में संचालित आश्रम, छात्रावास अधीक्षक, अधीक्षिकाओं की बैठक लेते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने शासन से प्रदत्त सुविधाओं को सभी छात्रावास, आश्रमों में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधीक्षक-अधीक्षिकाओं से कहा कि आपका काम सिर्फ हास्टल का संचालन करना नहीं है अपितु विद्यार्थियों का बेहतर भविष्य बनाना भी आपकी जिम्मेदारी है। शासन द्वारा आश्रम-छात्रावासों के माध्यम से उनकी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरी की जा रही है। अधीक्षक-अधीक्षिकाओं को भी चाहिए कि वे अपने हास्टल में रहने वाले विद्यार्थियों को अध्यापन सहित अन्य गतिविधियों में जोड़ें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने स्कूल से लौटने के पश्चात विद्यार्थियों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधीक्षक, अधीक्षिकाओं की बैठक लेते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने जिले के सभी आश्रम, छात्रावासों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी छात्रावास, आश्रमों का औचक निरीक्षण की बात कही। कलेक्टर ने छात्रावास, आश्रमों के बच्चों के प्रति सभी को संवेदनशील होने की बात कहते हुए कहा कि दूरस्थ अंचलों से आकर पढ़ाई करने वाले बच्चों की पूरी तरह से देखभाल और सुरक्षा का दायित्व पहला कर्तव्य अधीक्षक-अधीक्षिकाओं का होना चाहिये। सिर्फ सामग्री वितरण और अपनी उपस्थिति दर्ज कराना ही पर्याप्त नहीं है, एक माता-पिता की भूमिका निभाते हुए बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाते हुए उन्हें एक बेहतर इंसान बनाना भी सभी अधीक्षकों का दायित्व होना चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों के सभी गतिविधियों पर नजर रखने,



आश्रम, छात्रावास में साफ-सफाई, बीमारी से रोकथाम के उपाय करने, स्वास्थ्य जांच कराने, वर्तमान संदर्भ में अतिरिक्त रूचि के साथ नवाचार विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कन्या आश्रम, छात्रावास में बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं देने, मीनू के आधार पर भोजन का वितरण करने और गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने इस वर्ष तिमाही एवं छ:माही परीक्षा केंद्रीयकृत पद्धत्ति से कराने की जानकारी देते हुए कहा कि हास्टल के विद्यार्थियों को अपने स्तर पर परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित करायें। विद्यार्थियों की तैयारी का स्तर ऐसा हो कि वे बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में स्थान बना सकें। हास्टल मे पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों का शैक्षणिक और बौद्धिक विकास बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा नीट और जेईई की कोचिंग कराये जाने की जानकारी देते हुए कहा कि उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का बेहतर भविष्य बनाने आर्थिक समस्या नहीं आने दी जायेगी। इसलिए अधीक्षक-अधीक्षिकाएं समर्पित होकर विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को आश्रम-छात्रावासों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, भवन की कमी, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी से जुड़ी समस्याओं को दूर करने जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्रों के आश्रम-छात्रावासों में सौर उर्जा लगाने, सीसीटीवी लगाने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने हास्टल में रहने वाले सभी विद्यार्थियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाने में सहयोग करने तथा सिकलसेल जॉंच कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सभी महिला आश्रम, छात्रावासों में सुरक्षा के पर्याप्त माहौल विकसित करने, विद्यार्थियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने और आश्रम-छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री श्रीकान्त कसेर सहित छात्रावास अधीक्षक, अधीक्षिकाएं उपस्थित थीं।हास्टल में निवास नहीं करने वाले अधीक्षकों के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करने के दिए निर्देशबैठक में सहायक आयुक्त ने जिले में संचालित आश्रम-छात्रावास के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने छात्रावासों की समस्याओं को दूर करने की बात कही। उन्होंने ऐसे आश्रम-छात्रावासों की जानकारी कारण सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जहां अधीक्षक-अधीक्षिकाएं निवास नहीं करती हैं। कलेक्टर ने आवास विहीन छात्रावासों में आवास निर्माण करने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन विहीन आश्रम-छात्रवासों की जानकारी भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से स्थानीय युवतियों को सुरक्षा गार्ड के रूप में रखने की बात कहते हुए इस दिशा में विभाग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## एकलव्य विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 05 अगस्त से प्रारंभ

कोरबा। जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु 18 मई 2024 परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में उत्तीर्ण/मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरीकला में काउंसिलिंग का आयोजन 05 से 07 अगस्त तक किया जायेगा। संबंधित विद्यार्थी/माता-पिता समस्त दस्तावेज के साथ विद्यालय में उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में आवश्यक जानकारी हेतु नि:संकोच सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत कसेर के मोबाइल नंबर 7869096888 पर संपर्क कर सकते हैं।



## पूर्व मंत्री अग्रवाल ने दी हरेली पर्व की शुभकामनाएं

कोरबा। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी लोकपर्व हरेली पर्व की कोरबावासियों को अपनी शुभकामनाएँ दी है।
श्री अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ में हरेली तिहार को बड़े ही उत्साह व धुमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों का विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करते है। इसके साथ ही इस दिन गांवो में जगह जगह नारियल फेंक, गेडी दौड सहित अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने हरेली पर्व पर क्षेत्रवासियों के वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि व दीर्घायु होने की कामना की है। अग्रवाल ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी सेवा समिति कोरबा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति भवानी मंदिर दर्री के समीप स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में इस वर्ष भी भव्य रूप से हरेली पर्व का आयोजन 4 अगस्त को सुबह 10 बजे से किया गया है जहाँ मॉ छत्तीसगढ़ महतारी माई व कृषि उपकरणों का विधिवत पूजा अर्चना कर विभिन्न खेल प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया जावेगा।

## अब जंगल में ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों की ओर नहीं जाते पहाड़ी कोरवा राजकुमारी के कदम



कोरबा । बात कुछ महीने पहले की ही है। राजकुमारी की जिंदगी किसी राजकुमारी की तरह तो दूर की बात, एक सामान्य इंसान की तरह भी न थी। जंगल में रहना, तेंदू-चार बीनना,बकरी चराना, घर में बाड़ी में काम करना तो कभी खेतों में हल चलाना और सुबह-शाम चूल्हें फूंकना राजकुमारी के जिंदगी की जद्दोजेहद में शामिल थी। शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर पेंड्रीडीह गाँव की पहाड़ी कोरवा महिला राजकुमारी की ख्वाहिश तो थी कि वह पढाई करें और कुछ नौकरी करें। पढ़ाई की उनकी यह ख्वाहिश पूरी तरह से पूरी नहीं हो सकी। लेकिन जितना भी पढ़ी थीं, उन्हें समझ थी कि पढ़ाई ही एक ऐसा माध्यम है जो उन्हें और और उनके समाज को उन्नति की राह पर आगे ले जा सकता है। एक उम्र के साथ ही घर वालो द्वारा रिश्ता तय करने के बाद ससुराल आई राजकुमारी को जब मालूम हुआ कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले के शिक्षित पहाड़ी कोरवाओं को नौकरी दी जा रही है तो उन्होंने देरी नहीं की। अपना आवेदन दिया और पक्के इरादों के साथ जंगल से दूर आकर शहर में नौकरी शुरू की। अब जब नौकरी मिल गई है तो पहाड़ी कोरवा राजकुमारी की दिनचर्या ही बदल गई है। पहले सुबह उठते ही जो कदम उबड़-खाबड़ पगडंडियों से होकर जंगल की ओर जाया करते थे, अब वह जिंदगी की नई पारी और एक नई जिम्मेदारी के साथ स्कूल की ओर आती है।

कोरबा ब्लॉक के सुदूरवर्ती ग्राम पेंड्रीडीह की पहाड़ी कोरवा राजकुमारी ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन अचानक से उन्हें जंगल छोड़कर शहर आना पड़ेगा। उन्हें तो लगता था कि वह जंगल में ही पैदा हुई और अब जिंदगी इन्हीं जंगल में ही बीतेगी। जिले के शिक्षित बेरोजगार पहाड़ी कोरवा जनजाति के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल किए जाने के पश्चात वनांचल की राजकुमारी की किस्मत भी एकाएक बदल गई। अपना आवेदन जमा करने के साथ ही भृत्य पद के लिए चयनित हुई पेंड्रीडीह की राजकुमारी ने जंगल से शहर आकर नौकरी की शुरुआत की। आठवीं पास राजकुमारी ने बताया कि जंगल के आसपास ही उनके पुरखो की जिंदगी कटी है, वह भी काट रही थी। अचानक से शहर आना और यहाँ रहना कुछ अलग सा लगता है,लेकिन यह सब मंजूर है,क्योंकि आज वह जितनी पढ़ाई की उसी के हिसाब से उसे नौकरी मिली है। राजकुमारी का कहना है कि वह यदि जंगल में रहती तो उन्हें और उनके बच्चों को भी उन्हीं माहौल में ढलना पड़ता। उन्होंने बताया कि गाँव में आठवीं तक कि पढ़ाई पूरी करने के बाद शादी हो गई और वह अपने ससुराल में जाकर रहने लगी। उन्होंने अपनी दिनचर्या को बहुत कठिन बताते हुए कहा कि पहाड़ी कोरवा का परिवार ऐसे ही चुनौती और संघर्षमय जीवन व्यतीत करता आया है। उन्हें जब नौकरी मिली तो यह भी एक चुनौती की तरह है। धीरे-धीरे वह स्कूल में काम सीख रही है। यहाँ स्कूल के माहौल को देखकर लगता है कि हम लोग कितना पीछे हैं और जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा का कितना महत्व है। पहाड़ी कोरवा राजकुमारी ने बताया कि आने वाले समय में वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहेगी। उन्हें जो नौकरी मिली है,इससे मिलने वाले वेतन से उसकी आर्थिक समस्या दूर होगी तथा बच्चों का बेहतर ढंग से परवरिश कर पायेगी। पहाड़ी कोरवा राजकुमारी को शहर के एनसीडीसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भृत्य के पद पर डीएमएफ से मानदेय के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दी गई है।

## डीएम ने कहा कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों की निविदा निरस्त करें



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों तथा ठेकेदारों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किये जाये. उन्होंने कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों की निविदा निरस्त किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा शिकायत मिलने पर कार्यो की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी के साथ लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य करने वाले ठेकेदारों को 2 माह में सभी अधूरे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि ऐसे ठेकेदार जिसका 80 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान किया जाना है, उनका जिला जल एवं स्वच्छता समिति के द्वारा कार्यों के सत्यापन के पश्चात ही भुगतान किया जाये। उन्होंने बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/समूह नल-जल प्रदाय योजना, सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना, स्वीकृत योजनाओं में स्त्रोत की अद्यतन स्थिति, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कूप खनन कार्य, समूह नल जल प्रदाय योजना, विद्युतीकरण आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियन्ता श्री बच्चन, निर्माण कार्यों के ठेकेदार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 06 अगस्त को

कोरबा । कोरबा जिले के 248 संकुलों में 06 अगस्त को संकुल स्तरीय मेगा पी टी एम मेगा पालक शिक्षक बैठक'') का आयोजन पालको के बैठक क्षमता अनुसार हाई/हायर सेकेंडरी स्कूलों में बैठक निर्धारित की गई है। यह बैठक संकुल प्राचार्यो की अध्यक्षता में सम्पन्न होनी है, जिसके सतत मॉनिटरिंग हेतु जिले से टीम का गठन किया गया है।

कलेक्टर कोरबा श्री अजीत वसन्त की ओर से सभी पालक/अभिभावक गणों से अपील की गई है कि उक्त बैठक में ज्यादा से ज्यादा पालक उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें। पालक-शिक्षक मेगा बैठक में मुख्यत: विभागीय 12 मुद्दों पर अनिवार्यत: चर्चा की जायेगी।विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली पालक-शिक्षक बैठक के प्राथमिक उद्देश्य बच्चों के शारीरिक -मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवम पालको के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना,.शिक्षक एवम पालकों के सँयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना, बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्राप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना और जाति ,निवास ,आधार, आयुष्मान कार्ड,नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश,मध्यान्ह भोजन,छात्रवृति इत्यादि है। इसी प्रकार पालक शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पालकों में बच्चों एवं विद्यालय की सम्पूर्ण गतिविधि के संबंध में जागरूकता लाना है ताकि पालक एवम शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जा सके।

## केंद्रीय रेल मंत्री के नाम स्टेशन प्रबंधक कोरबा को ज्ञापन सौंपा गया

कोरबा। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा यात्री ट्रेनों की नियमित चालान हेतु केंद्रीय रेल मंत्री के नाम स्टेशन प्रबंधक कोरबा को ज्ञापन सौंपा गया। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों को पिछले चार सालों से अचानक रद्द करने का सिलसिला चल पड़ा है। वर्तमान में भी 72 से अधिक ट्रेनों को राजनांदगांव कलमना रेलखंड के बीच तीसरी लाईन जोड़ने के नाम पर रद्द कर दिया गया है। खबर है 4 अगस्त से 19 अगस्त के बीच 72 यात्री ट्रेने प्रभावित रहेगी। रेलवे का यह कदम बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे समय में जब देश का प्रमुख त्योहार रक्षाबंधन है, छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योहार हरेली है। इस समय इतनी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाना रेल यात्रियों के ऊपर अत्याचार है। रेलवे को यदि मेंटेनेंस करना था तो इसके लिये काम की समय सारणी का ऐसा प्रबंध किया जाना चाहिये जिससे यात्री सुविधायें बाधित न हो।जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने कहा कि पिछले चार वर्षों से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यात्री ट्रेनों की बिना कारण बताये रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ो यात्री ट्रेनों को अनेको बार महीनो तक के लिए रद्द किया गया है। महीनो पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेलवे की इस मनमानी से परेशान होते है। त्योहारों, छुट्टियों, शादी ब्याह के सीजनों मे रेल्वे बिना बताए, बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है। रेलवे द्वारा ट्रेनों को रद्द किये जाने का कारण मेंटेनेंस बताया जाता है। जबकि उन्ही ट्रेको पर यात्री ट्रेनों से 50 गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओं को



बाधित किया गया। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि रेल्वे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन में लगातार कोताही बरती जा रही उससे स्पष्ट हो रहा की रेल्वे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा मालवाहक गाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही। यह जानबूझकर किया जाने वाला षड़यंत्र है ताकि जनमानस में रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथों विशेषकर अडानी समूह को सौप सके। रेल देश के नागरिकों की सबसे सुलभ और लोकप्रिय सुविधा है। आजादी के पहले और बाद में भी सभी सरकारों ने घाटा उठा कर भी जनहित में रेलवे का संचालन अनवरत जारी रखा। रेलवे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है, कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है।प्रदेश सचिव बी एन सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि केंद्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही यात्री सुविधाओं विकलांग, बुजुर्ग, रिटायर्ड, सैनिकों, छात्रों, बच्चों को पूर्व में मिलने वाली रियायते बहाल की जाए तथा रेलवे के निजीकरण के षड्यंत्र पर तत्काल विराम लगे।ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने बताया कि कांग्रेस कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल अपने साथियों व परिवार के साथ प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के पवित्र माह में बाबा बैद्यनाथ की नगर देवघर जाने के लिए रेलवे आरक्षण काउंटर से विगत 4 माह पूर्व से ही टिकट आरक्षण कराया था लेकिन जिस दिन उन्हें चांपा स्टेशन से बिलासपुर पटना एक्सप्रेस पकडना था दो घंटे पूर्व पता चला कि उक्त ट्रेन को रद्द कर दिया गया है वही दूसरी बार 45 यात्रियों के साथ साउथ बिहार एक्सप्रेस से 31 जुलाई को जाना तय कर टिकट आरक्षण कराया गया था उस दिन भी सुबह 7 बजे पता चला कि उक्त ट्रेन मात्र झारसुगडा तक जायेगी कारण टाटानगर के पास मेल के डिब्बे पटरी पर से उतर जाना बताया गया। सभी यात्रियों को सूचित किया गया और ट्रेन टिकट को कैंसिल कराया गया कैंसिलेशन में हजारों रूपये कट गये उपर से बस किराया, होटल रेट आदि का एडवांस भी जप्त हो गये। यह मानकर संतोष करना पडा कि शायद बाबा का बुलावा नहीं है। लेकिन हद तो तब हो गई कि उक्त ट्रेन अपने गंतव्य स्थान तक गई। इस घटना से सभी श्रद्धालु यात्रियों को अत्यंत निराश होना पड़ा अब उपभोक्ता फोरम जाने कि तैयारी हो रही है। सुरेश कुमार अग्रवाल ने 13 सितंबर को देवघर जाने के लिए तीसरी बार टिकट आरक्षण कराया है।इस अवसर पर सुरेश सहगल, सुरेश अग्रवाल, रवि सिंह चंदेल, संतोष लांझेकर, राकेश पंकज, नारायण लाल कुर्रे, पंचराम निराला, यशवंत चौहान, ओमप्रकाश सिंह, खेल लाल, कुलदीप अहिरवार, सोनू सिंह, काशी नेताम, विजय ठाकुर, असरफ खान, निकील नेताम, लक्ष्मी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम के रोकथाम हेतु विधिक कार्यक्रम का आयोजन

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफ एक्शन अनुसार दिनांक 03 अगस्त 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में कार्यस्थल में कार्य करने वाले महिलाओं के यौन उत्पीड़न के रोकथाम हेतु जागरूक किये जाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं का अभिनंदन व स्वागत करते हुये कहा गया कि भारतीय सभ्यता का यह इतिहास रहा है कि महिलाओं को सबसे पहले बड़े सम्मानपूर्ण देखा जाता रहा है। उसके पश्चात् युग बदलता गया महिलाओं को कई बार प्रताड़ित होना पड़ा, अपमान सहना पड़ा। उसके बाद नियम बनाये गये तथा सतीप्रथा का विरोध कर रोक लगाई गई और अब नया अधिनियम लागू किया गया कि यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम 2013 लागू किया गया। यौन उत्पीड़न की घटना की रोकथाम करने तथा अधिनियम का प्रचार-प्रसार करने के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महिला जो हमारे घर को संवारती है संभालती है, व्यवस्था को वही कायम रखती है। अब महिलाएं भी कार्य करने के लिये बाहर जाते है तो सजग रहने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर किसी के साथ महिला प्रताड़ना जैसी घटना सामने आती है तो तुरंत कार्यवाही करवाये। पहले महिलाएं घर से निकलती नहीं थी अब शाम रात में भी महिलाएं स्वतत्रंता से आवागमन कर रही है। जहां महिलाएं प्रताड़ित हो रही है वहां हम सबको जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अधिनियम के तहत और विधिक गतिविधियों का आयोजन होनी चाहिये, जिसके लिये



आप सभी अपना अपना प्रस्ताव रख सकते है।
श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश एस्ट्रोसिजिट एक्ट, कोरबा के द्वारा कहा गया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत हमें सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है। महिलाओं को यह आवश्यक है कि जब उसके साथ कोई यौन उत्पीड़न या अन्य किसी प्रकार के व्यवहार करता है जो अभद्रता पूर्ण हो तो महिला को शिकायत किसी अधिकारी के समक्ष रखता तो है, लेकिन जब कार्यस्थल पर यह घटना हो रही है तो महिला जोर से चिल्ला कर उसके व्यवहार का विरोध करें, जिससे पीड़ित महिला को हिम्मत भी मिलेगा और अपराधी दुबारा हरकत करने से हिचकिचायेगा।
श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश, कोरबा के द्वारा कहा गया कि यौन उत्पीड़न में सामने वाले का इंटेनशन देखना जरूरी हो जाता है, जब यौन उत्पीड़न में विभिन्न तरह के धाराएं और उसमें इन्टेशन को देखना जरूरी होता है। कोई भी व्यक्ति यदि दुर्व्यव्हार आचरण करता है तो संकोच किये बिना उसके खिलाफ एक्शन होना चाहिये तथा संबंधित अधिकारी के समक्ष निष्पक्ष रूप से रखना उचित होगा। हमारे विधिक साक्षरता शिविर लगाने का उद्देश्य ही यही है कि लोगों को यौन उत्पीड़न से संबंधित जानकारी दें सके और संकोच को खत्म होना जरूरी है। कार्यस्थल पर महिलाओं को सिफ दो चीजों को ध्यान केन्द्रित करना आवश्यक है। एक ऐसा माहौल जिसमें स्वतंत्रता महसूस हो। स्वतंत्रता से कार्य कर सकें। कार्यस्थल पर हमें बाधाएं पहुंचायी जाती है तो हमें अधिकारी से शिकायत और अपना बचाव सुरक्षित करना आवश्यक हो जाता है। यदि एक बार कोई ऐसा व्यवहार करता है तो हम उसे अनदेखा कर सकते है लेकिन बार-बार करने पर संज्ञानता में आना उचित होगा।श्रीमती नेहा वर्मा, डी.एस.पी. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के तहत् कोई व्यक्ति कार्यकारिणी महिला को यौन उत्पीड़न के अंतर्गत प्रताड़ित करता है तो उसे अपने उपर हावी नहींहोने देना चाहिये बल्कि उसकी इस हरकत को सक्षम अधिकारी के समक्ष रखना उचित होगा। इस प्रकार प्रीवेशन आफ सेक्युअल वाईलेंस भारत में 2013 में कामकाजी महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकने के लिये अधिनियम बनाया गया है। जिसे पोश (प्रीवेशन आफ सेक्युअल हैरेसमेंट एट वर्कप्लेस) इसके तहत् शिकायत की जा सकती है। शारीरिक उत्पीड़न जैसे हमारे बाल, गंधे, कपड़े या ऐसे जगह में छूना हम पसंद नहीं करते है या छूने को कोशिश बार-बार करता है। यौन उत्पीड़न के अंतर्गत आता है। जिसकी शिकायत सक्षम अधिकारी के समक्ष होना चाहिये।
श्रीमती रजनी मारिया, जिला महिला संरक्षण अधिकारी के द्वारा कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं के विरूद्ध होने वाले यौन उत्पीड़न का अधिनियम क्यों बनाया गया कि विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम बनाने का उद्देश्य क्या था, यौन उत्पीड़न के इतिहास एवं होने वाले प्रभाव से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुये। उपस्थित न्यायाधीश श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कोरबा, जिला अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती ममता भोजवानी, ज्योति अग्रवाल, अश्वनी चतुर्वेदी, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजि. सीमा प्रताप चन्द्रा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, मंजीत जांगड़े, नवनियुक्त व्यवहार न्यायाधीश, लवकुमार एवं कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीन एवं जिला न्यायालय कोरबा के महिला कर्मचारी, महिला पैरालीगल वॉलीण्टियर्स एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आवश्यक रूप से सहयोग प्रदान करने वाले कर्मचारी का आभार प्रकट किया गया।

# 72रेलगाड़ियों को निरस्त करने से जनता परेशान, कांग्रेस ने प्रदर्शन कर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



**जांजगीर चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने जानकारी दिया कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों को पिछले 4 सालों से अचानक रद्द करने का सिलसिला चल पड़ा है वर्तमान में भी 72 से अधिक ट्रेनों को राजनांदगांव कलमना रेलखंड के बीच तीसरी लाइन जोड़ने के नाम पर रद्द कर दिया गया है खबर है कि 4 अगस्त से 19 अगस्त के बीच 72 यात्री ट्रेन प्रभावित रहेगी रेलवे का यह कदम बेहद ही गैर जिम्मेदार और दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसे समय में जब देश का प्रमुख त्यौहार रक्षाबंधन है छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योहार हरेली है इस समय इतनी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाना रेल यात्रियों के ऊपर अत्याचार है रेलवे को यदि मेंटेनेंस करना था तो उसके लिए काम की समय सारणी का ऐसा प्रबंध किया जाना चाहिए जिससे यात्री सुविधा बाधित न हो

पिछले 4 वर्षों से देश की रेल सुविधा पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है यात्री ट्रेनों कि बिना कारण बताए रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ो यात्री ट्रेनों को अनेकों बार महीनो तक के लिए रद्द किया गया है महीनो पहले यात्रा की योजना बनाकर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेलवे की इस मनमानी से परेशान होते हैं त्योहार, छुट्टियों, शादी ब्याह के सीजनों में रेलवे बिना बताए बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है रेलवे द्वारा ट्रेनों को रद्द किए जाने का कारण मेंटेनेंस बताया जाता है जबकि उन्ही ट्रैकों पर यात्री ट्रेनों से 50 गुना अधिक क्षमता की माल वाहक ट्रेनों को चलाया जाता है छत्तीसगढ़ से निकलने वाली कोयला का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ के यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया

रेलवे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन में लगातार कोताही बरती जा रही है उससे स्पष्ट हो रहा है कि रेलवे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा माल वाहक गाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है यह जानबूझकर किया जाने वाला षड्यंत्र है ताकि जनमानस में रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथों विशेष कर अदानी समूह को

बेच सके रेल देश के नागरिकों की सबसे सुलभ और लोकप्रिय सुविधा है आजादी के पहले और बाद में भी सभी सरकारों ने घाटा उठाकर भी जनहित में रेलवे का संचालन अनवरत जारी रखा रेलवे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है

कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि केंद्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालान की व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही यात्री सुविधाओं विकलांग, बुजुर्ग, रिटायर्ड, सैनिक, छात्रों, बच्चों को पूर्व में मिलने वाली रियायत बहाल की जावे तथा रेलवे के निजीकरण के षड्यंत्र पर तत्काल विराम लगे अन्यथा कांग्रेस जन जनता के साथ जनता के हित के लिए उग्र आंदोलन करेंगे

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास, नगर कांग्रेस चांपा अध्यक्ष सुनील साधवानी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, अजित सिंह राणा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, पिछड़ा वर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश राठौर,आकाश तिवारी,सेवादल जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे ,रवि प्रकाश पांडे, पवन कश्यप, रामबिलाश राठौर, राजू शर्मा, रफीक खान,भगवंतीन यादव,अनिल राठौर, हरदेव टंडन,मुस्कान परवीन, रेखा सूर्यवंशी, चंपा प्रधान, हर्ष शुक्ला, एकता तिवारी, बसंत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुरेश सेन, अतीक कुरैशी , संजय जैन, शहीद अली, साजिद हुसैन, विकाश धीवर,रजनीकांत तिवारी,सहित बहुत संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी में कारगिल विजय दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**जांजगीर चांपा।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक-26 जुलाई कारगिल विजय स्मृति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम संस्था की शिक्षिका श्रीमती हन्ना देवी द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हिंदी में कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत की बहुत बड़ी जीत थी। साल 1999 में कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने पकिस्तानी फौज को युद्ध के मैदान में धूल चटा दी थी। कारगिल की लडाई पूरे 60 दिन तक चली थी और 26 जुलाई 1999 को यह युद्ध खत्म हुआ था। जिसके बाद से इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस युद्ध में भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे और 453 आम नागरिक भी मारे गये थे। यह दिन उस युद्ध में शहीद हुए जवानों को याद करने और सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने एक शायरी के माध्यम से अपनी वाणी को विराम दिया। तत्पश्चात् कक्षा-बारहवीं की छात्रा सौम्या बंजारे द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया। कक्षा-ग्यारहवीं एवं बारहवीं की छात्रा सौम्या तिवारी एवं वाणी प्रिया तिवारी द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा-छठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत में नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा-सातवीं के छात्र आलोक चतुर्थी द्वारा अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया गया। कक्षा-चौथी के छात्र भविष्य, आशुतोष एवं साथी द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही सात्विकी नामदेव, आरोही पूर्णा एवं प्रतीक द्वारा स्लगन एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। दोपहर समय में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा देश के वीर जवानों को याद देते हुए अपनी-अपनी बात रखी तथा विजय दिवस के स्मृति के अवसर पर गीत, कविता, शायरी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी ने कहा की हमें अपने वीर जवानों के बलिदान को भूलना नहीं चाहिए तथा अपने समाजिक कर्तव्यों पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती नीलम सिंह एवं हन्ना देवी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टॉफ एवं ग्रुप डी स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## रेलवे ओवर ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट खराब होने से अंधेरा, राहगीरों को होती है परेशानी, अंधेरा की आड़ में अपराधी भी सक्रिय



**जांजगीर चांपा।** चांपा के व्हाय सेप में बने ओवरब्रिज काफी समय पहले चालू हो गया पर ब्रिज के ऊपर लगी स्ट्रीट लाइटों के बंद होने के कारण रात के समय अंधेरा छाया रहता है। ओवर ब्रिज होने पर अंधेरा रहने से सड़क दुर्घटना होने का भय बना रहता है। स्टेशन के आसपास निवास करने वाले लोगों ने बताया कि करोड़ो की लागत का बना रेलवे ओवर ब्रिज पर लगे दो चार लाइट को छोड़कर बाकी लाइटे लंबे समय से बंद है। कायदे से तो इस ओवरब्रिज शुरुआत के दिन ही से स्ट्रीट लाइट जलनी थी लेकिब ऐसे नही है। कुछ दिन के लिए यहाँ की लाइट अच्छे से जली फिर सालो से बंद पड़ी हुई है।इसका सुध लेने वाला कोई नही है।न ही इसका मेंटेनेंस कार्य हो पाया। कहने को तो स्ट्रीट लाइट लगी है लेकिन जलती नही है।इन दिनों अंधेरे में वाहनों का नियंत्रण मुश्किल हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रेलवे ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट लगी हुई हैं, जो बंद है। स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से सडक़ पर अंधेरा छाया रहता है।

शो पीस बनी इन लाइटों की वजह से शाम के बाद यहां से गुजरने वाले हजारों वाहन चालक और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दो साल से अब तक कई हादसे हो चुके हैं इसके बाद भी यहां स्ट्रीट लाइट चालू नहीं हो सकी। बता दें स्ट्रीट लाइट तो लगी है, पर यह कभी जलती नहीं है।गौरतलब है कि तेजी से विकसित होते इस चांपा क्षेत्र से रोजाना लगभग हजारो से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होती है। इसी ब्रिज से ट्रक, सहित अन्य भारी वाहनों के साथ हजारों की संख्या में निजी वाहन गुजरते हैं। अंधेरे की वजह से यहां कई सडक़ दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अंधेरे से असामाजिक तत्वों की वजह से अप्रिय स्थिति बनती है। इसे लेकर रहवासियों से कई बार शिकायत की गई, पर अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इससे लोगों को रात के अंधेरे में ही आवाजाही करनी पड़ती है। खैर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए ताकि इस समस्या से निजात मिल सके। लाइट न जलने से सबसे ज्यादा परेशानी पैदल जा रहे लोगों को होती है। अंधेरे का फायदा उठाकर कई बार बदमाश अपराध को आजम देते हैं??।

इसी वजह से आसपास की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर एक साथ निकलते हैं ताकि ऐसे लोगो से बचा जा सके। बता दे कि ब्रिज के ऊपर और नीचे हर समय यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इससे महिलाएं भी असुरक्षित महसूस करती हैं। सूत्र बताते हैं कि स्ट्रीट लाइटों के बंद होने से इसका फायदा जमकर अवैध नशे के कारोबारियों के द्वारा उठाया जाता है। वह चार पहिया वाहन में बैठकर ही देर रात लेनदेन कर ओवर ब्रिज से ही निकल पड़ते हैं। जिस पर लगाम लगाने की भी जरूरत है।

## दयानंद अवस्थी को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायगढ़।** नगर के दयानंद अवस्थी को डॉ. सीवी रमन विवि करगीरोड कोटा ने पीएचडी की उपाधि दी है। उन्होंने सीवी रामन विवि के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपम तिवारी के निर्देशन में शोध किया है। अवस्थी का शोध प्रबंध छत्तीसगढ़ के अति संवेदनशील जनजाति बिरहोर पर शासकीय योजनाओं के प्रभाव का मानव वैज्ञानिक अध्ययन पर था।

## जरुरतमंदों की मददगार बनेगी 'नेकी की दीवार',नपाध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**चांपा।** जरुरतमंद लोगों को अब हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी। नेकी की दीवार उनकी सभी आवश्यकताएं पूरा करेगी। वहीं समाज के लिए कुछ करने की चाहत रखने वाले भी इस दीवार के माध्यम से समाज को जरूरत की वस्तुएं दान कर सकेंगे। इसके लिए आज चांपा में अब एक नई पहल शुरू की गई है।नेकी की दीवार के माध्यम से घर में आवश्यकता से कोई भी व्यक्ति जरुरतमंदों के लिए वस्तुएं दान कर सकता है। कोई भी व्यक्ति यहां जो भी वस्तुएं रखेगा, उसे नेकी की दीवार से जरूरतमंद व्यक्ति अपने उपयोग में ले सकेंगे। नेकी की दीवार हमर चांपा, राजकिरण दुग्गड़ उद्यान के पास बनाया गया है।नेकी की दीवार का शुभारंभ चांपा नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, नपा उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, पार्षदगण,सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद, नपा सीएमओ भोला सिंह ठाकुर एवं नपा अधिकारी- कर्मचारी गण ने किया।

शुभारंभ के अवसर पर नपाध्यक्ष जय थवाईत ने कहा कि यह बेहद ही सराहनीय प्रयास है। समाजसेवा के लिए नेकी की दीवार तैयार की गई है, यह जरूरतमंद लोगों के लिए मददगार होगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास कपड़े,जूते, चप्पल ,किताब एवं खाद सामाग्री इत्यादि जो भी सामान हो अथवा जो सामान उपयोग में नहीं आ रहा है, वह सभी सामान नेकी की दीवार पर छोड़ सकते हैं। ताकि जरुरतमंद लोगों तक वह कपड़े सहित अन्य सामान पहुंचे सके। नेकी की दीवार का उद्देश्य है कि जरूरतमंद व्यक्ति जो किसी से मांग नहीं सकता, लेकिन नेकी की दीवार से वह व्यक्ति अपने जरूरत का सामान लेकर जा सकता है। इससे उसकी जरूरत पूरी होगी। साथ ही किसी के अहसान तले भी उसे नहीं दबना पड़ेगा। सर्दी के मौसम में जिन लोगों के पास अतिरिक्त गर्म कपड़े हैं या दान करना चाहते हैं, वह लोग यहां उन्हें छोड़ सकते हैं। नेकी की दीवार पर कपड़े के साथ-साथ लोग किताब भी रख सकते हैं, ताकि जरूरतमंद विद्यार्थी भी उन किताबों का उपयोग कर सके। नेकी की दीवार का उद्देश्य- नेकी की दीवार बनाने का उद्देश्य है कि जरूरतमंद लोगों तक उनकी जरूरत का सामान पहुंच जाए और जिन लोगों के पास अतिरिक्त सामान है वह सही उपयोग में आ जाए जिससे जरूरतमंद की जरूरत पूरी हो जाए।

## ग्राम मरदा में बेजुबानों के मौत को दुर्भाग्य जनक बताया पूर्व अध्यक्ष गौ सेवा आयोग ने



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने जिला बलौदा बाजार- भाटापारा के लवन तहसील अंतर्गत स्थित ग्राम मरदा पहुंचकर डेढ़ दर्जन से अधिक बेजुबानों की मौत का संज्ञान लिया। उन्होंने ग्राम वासियों से भेंट मुलाकात की और वस्तु स्थिति की जानकारी से अवगत हुए, लोगों से बारी-बारी से पूछा की घटना का मूल कारण क्या है लोगों की बातों को ध्यान से सुनने के पश्चात उन्होंने इस घटनाक्रम को बेहद दुर्भाग्य जनक बताते हुए कहा कि- हरेली त्यौहार के मौसम में छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में इस तरह की घटना का होना बहुत ही दुखद है। गौ माताओं ने तड़प- तड़प कर अपनी जान दी है, यह बहुत ही पीड़ा दायक है। राज्य में इस तरह की घटनाओं की कोई पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से आग्रह किया है कि- प्रत्येक जिले में कम से कम एक गौ अभयारण्य का निर्माण सुनिश्चित करें ताकि इस तरह की कोई भी घटना भविष्य में घटित ना हो। गौ अभयारण्य के बन जाने से गांवों तथा शहरों में विचरण करने वाले गौ वंशियों को उनके रहने का एक निश्चित ठिकाना मिल जाएगा इससे न केवल उनका संरक्षण होगा बल्कि आए दिन सड़कों में हो रहे दुर्घटनाओं से जनधन की हानि में कमी आएगी तथा गौ वंशियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम मरदा मे में एक छोटे से भवन के कमरे में डेढ़ दर्जन से अधिक गौ वंशियों को ठूंस-ठूंस कर भर दिया गया था जिनकी मृत्यु के पश्चात सड़ांध की दुर्गंध से ग्राम वासी अवगत हुए ऐसा ग्रामवासियों का कहना है। राजेश्री महन्त ने जब ग्राम वासियों से भेंट मुलाकात की उस समय लगभग 50 से अधिक लोग उपस्थित थे।

## करंट की चपेट से खेत गए पति-पत्नी की मौत



**बलौदा।** खेत में टूटकर गिरे विद्युत तरंगित तार की चपेट में आकर पति-पत्नी की मौत हो गई। घटना बलौदा थाना के ग्राम डोंगरी की है । ग्राम डोंगरी निवासी फिरत राम उर्फ परदेशी (39) अपनी पत्नी पूर्णिमा पटेल (36) के साथ खेत गया था ।

खेत में तार टूटकर गिरा था जिसमेंबिजली करंट प्रवाहित हो रहा था। पटेल दंपति खेत में काम करते समय इस तार की चपेट में आ गए और दोनों की मौत हो गई। दोपहर लगभग 3:20 बजे ग्रामीणों ने दोनों को खेत में पड़े देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

बलौदा थाना प्रभारी अशोक कुमार वैष्णव का कहना है कि दंपति की मौत करंट से ही हुई है। मौके से जीआईतार भी जब्त किया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी पत्र लिखा गया है। मृत दंपति की 9 साल की एक बेटी और 5 साल का एक बेटा है। दोनों बच्चों से माता-पिता का साया उठ गया। इस घटना से गांव में मातम पसरा है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

## 5000 लोगों को नहीं मिलेगा पानी

**बिलासपुर।** पांच वार्डों शनिचरी पड़ाव, गोंड़पारा, सुभाष नगर,डबरी पारा और तेलीपारा रोड के हजारों घरों में रविवार की शाम पानी सप्लाई नहीं होगी। बिलासपुर के पांच वार्डों शनिचरी पड़ाव, गोंड़पारा, सुभाष नगर, डबरी पारा और तेलीपारा रोड के करीब 5 हजार घरों में रविवार की शाम पानी सप्लाई नहीं होगी। नगर निगम ने सूचना जारी कर उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि सुबह की सप्लाई के वक्त वह पर्याप्त पानी स्टोर कर लें, ताकि शाम को परेशानी न हो। पानी नहीं मिलने से करीब 20 हजार लोग प्रभावित होंगे। जिले में डायरिया के प्रकोप के बाद नगर निगम ने पानी टंकियों की सफाई हाल ही में शुरू कराई है।

## छात्राएं उतरीं सडक़ पर, किया चक्काजाम, बोलीं- स्कूल में रसायन और संस्कृत के शिक्षक हीं नहीं, कैसे पढ़े

**बाराद्वार।** सक्ती जिले के कन्या हाईस्कूल बाराद्वार में शिक्षकों की कमी को लेकर शुक्रवार की सुबह 11 बजे छात्राएं रेलवे स्टेशन जाने वाली सडक़ पर उतर गईं। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सडक़ जाम कर दिया। सूचना पर तहसीलदार, थाना प्रभारी, नपं उपाध्यक्ष समझाइश देने पहुंचे, लेकिन धरने पर बैठीं छात्राएं अपनी मांगों पर अडिग रहीं।



छात्राओं का कहना था कि स्कूल में कई शिक्षकों की कमी हैं, इससे पढ़ाई प्रभावित होती है। इसकी जानकारी तहसीलदार द्वारा बीईओ को फोन पर दी गई। तहसीलदार द्वारा मंगलवार तक 2 शिक्षक ज्वाइन करने का आश्वासन दिए जाने के बाद छात्राओं ने चक्काजाम समाप्त किया।

## सिपाहियों के लिए महिला मोर्चा ने भेजी राखियां

**रायगढ़।** सिपाही रक्षा सूत्र महाअभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने अपने देश के वीर सिपाहियों के लिए राखी भेजी है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शोभा शर्मा ने बताया कि बहनों द्वारा एकत्रित करके उनके द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में उक्त राखियों को जमा कराया गया है, ताकि वह गंतव्य तक पहुंच जाए।

## भ्रष्टाचार के मामले में दो साल पहले दोषी सरपंच, सचिव को क्लीन चिट




**सक्ती।** सक्ती में पंचायत विभाग के अधिकारियों के अजब-गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। लाखों रूपए के भ्रष्टाचार में दो साल पहले दोषी करार सरपंच, सचिव को अधिकारियों ने क्लीन चिट दे दिया है। यहां तक मामले में सरपंच, सचिव को दोषी बताने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। मामला सक्ती के ग्राम पंचायत पोरथा का है।

सरपंच मधु राठौर और सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत हुई थी। मामले की जांच के लिए 6 अधिकारियों की टीम गठित की गई थी, जिन्होंने जांच में लाखों रूपए की गड़बड़ी पाई थी। रिपोर्ट दो साल तक धूल फांकती रही। शिकायतकर्ता ग्रामीण कार्रवाई के लिए कार्यालयों के चक्कर काटते रहे, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। दो साल बाद मामले में फिर से जांच की गई।

इस बार जनपद पंचायत के अधिकारी ने सरपंच-सचिव को भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी कर क्लीन चिट दे दिया। वहीं इससे पूर्व जांच करने वाले 6 अधिकारियों को भी गलत साबित कर दिया। जनपद पंचायत सक्ती में अधिकारियों के इस कारनामे ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा कर दिया है। अब ग्रामीण सवाल कर रहे हैं कि आखिर क्या कारण था कि दो साल पहले जिस सरपंच-सचिव को भ्रष्टाचार में दोषी बताया गया था, उन पर कार्रवाई नहीं की गई और अब उन्हें क्लीन चिट देकर अपने ही अधिकारियों को गलत साबित कर दिया गया।

## केनरा बैंक में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, नुकसान

**अकलतरा।** अकलतरा नगर के अंबेडकर चौक के पास स्थित केनरा बैंक में शाम 4.30 बजे शॉर्ट सर्किट से मीटर के पास आग लपटें उठने लगीं। इससे वहां के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बैंक मैनेजर ने पुलिस थाना और बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय व बिजली विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बैंक में स्थित अग्निशामक यंत्र के माध्यम से आग पर काबू पाया गया। बिजली विभाग के स्टाफ ने बैंक में पहुंचकर मुख्य खंभे से बिजली की सप्लाई बंद की। साथ-साथ आवश्यक उपाय किए। बिजली विभाग ने बैंक में पुराने मीटर की जगह नए मीटर लगाने के साथ-साथ सुरक्षा के अन्य इंतजाम किए। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक रामचंद्र मांझी ने बताया कि शनिवार को बैंक में लेनदेन की अवधि पूर्ण होने के बाद बैंक का स्टाफ बैंक में क्लोजिंग का कार्य पूरा कर रहे थे। शाम 4.30 बजे बैंक के प्रवेश द्वार में लगे मीटर से लपटें उठने लगीं।

## श्याम शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व छात्रों ने किया रुद्राभिषेक



**सक्ति।** दमाउधारा स्थित श्याम शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्रों ने गहरीनमुडा में आचार्य दिव्या नंद तिवारी जी द्वारा आयोजित शिव रुद्राभिषेक पूजा मे शामिल हुए लगातार 3 घंटे तक चल रुद्राभिषेक में प्राचार्य शिक्षक व उपस्थित समस्त छात्र शिव की भक्ति में लीन रहे तथा भजन कीर्तन किया इस रुद्राभिषेक कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय प्रताप सिंह, सहायक अध्यापक जुगल किशोर, प्रिया सिंह, अमित कुमार, गरिमा भारद्वाज, रेणुका साहू, हिमांशी सिदार, छोटू राम एवं छात्र अभिषेक, चैनेश, धनंजय, मंजु, पूजा, फुलेश्वरी, ललिता, उषा आदि शामिल रहे । उक्त कार्यक्रम के द्वारा समस्त छात्रों को मूल्य शिक्षा, प्राचीन शिक्षा परंपरा और देवी देवताओं के पूजन, कीर्तन एवं अभिषेक के बारे में आचार्य दिव्यानंद तिवारी जी द्वारा विशेष उद्बोधन दिया गया।

## अनमोल वचन......

**अगर अपनी ज़िंदगी सुधारनी है
तो पहले आपको बदलना होगा।**

## गरीबी मुक्त गांव बनाने की आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से गरीबी मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की 9वीं शासी परिषद की बैठक के समापन अवसर पर शनिवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत, जो हर भारतवासी की महत्तवाकांक्षा है, के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है, जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए। मजे की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित राष्ट्र के सफर में राज्यों की भागीदारी की बात कह रहे हैं, लेकिन बैठक में बिहार, केरल समेत 10 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल नहीं हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में पहुंचीं जरूर लेकिन अपना भाषण बीच में ही रोक देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

इतनी महत्त्वपूर्ण बैठक से दस से ज्यादा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का शामिल न होना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि विकसित राष्ट्र की दिशा में अकेले-दुकेले की बढ़त से बात नहीं बनेगी। सभी की भागीदारी और सहयोग होना जरूरी है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, गरीबी उन्मूलन और आबादी का प्रबंधन जैसे तमाम मुद्दे हैं, जिनके लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने तई प्रयास करने होंगे। जरूरी बन पड़ी नीतियों को क्रियान्वयन करके देश के आर्थिक विकास की दिशा में अपना महती योगदान देना होगा। बैठक में प्रधानमंत्री ने जो सबसे महत्तवपूर्ण बात कही वह थी गरीबी-मुक्त गांव की दिशा में काम करने की। बेशक, इस दिशा में तैयारी करके बढ़ा जाए तो बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। माइक्रो लेवल का आर्थिक प्रबंधन कोई नहीं बात नहीं है। बहुत पहले गांधी जी ने गांव के स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सक्रियता की बात कही थी। उन्हें लगता था, और जो भारत जैसे गांवों के देश में सही भी था, कि गांव के स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देकर आमजन को सबल बनाया जाना चाहिए। लेकिन बाद में इस आर्थिक सोच को बिसरा दिया गया। नतीजतन, गांव में रोजगार की स्थिति खासी चरमरा गई और बड़े पैमाने पर पलायन होने लगा। तमाम शहरों और बड़े नगरों की ओर हुए आबादी के पलायन से शहरों में नागरिक सुविधाओं के हालात बदतर हो गए। जरूरी है कि केंद्र सरकार और राज्यों में आरूढ़ सरकारें मिलकर गांवों को सबल बनाने की दिशा में अग्रसर हों जिससे आम जन के हालात बेहतर हो सकेंगे जो बड़ी सफलता होगी।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन कर पाएंगे, आप से प्रतिस्पर्धा करने वाले एवं ईर्ष्या करने वालों के दांत खट्टे होंगे। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष राशिः**आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। फैमिली का माहौल अगर खराब है तो अपनी समझदारी से और हंसमुख स्वभाव से परिवार का माहौल शांत रखने की कोशिश करेंगे। किसी सोंचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से खुशी का माहौल बनेगा।

**मिथुन राशिः**आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के नवविवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। रचनात्मक काम से आपको धन लाभ होगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। बात करें सेहत की तो आपको सेहत को लेकर अलर्ट रहना होगा। किसी भी काम को करने में मन अधिक लगेगा। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन के अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे, आपका एक छोटा-सा प्रयास घरेलू जीवन अच्छा हो सकता है इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**कन्या राशिः**आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज आपको ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है।

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को व्यापारिक मामलों को लेकर साझेदार से मीटिंग करेंगे। कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। प्रशासनिक पद पर आसीन लोगों को पदोन्नति मिलने से ख़ुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी करमचारियों को पदोन्नति हासिल होगी। पारिवारिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। संतान से सुख मिलेगा। समाज में लोगों से अच्छा तालमेल बनेगा।

**धनु राशिः**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सोचने की क्षमता में तेजी आएगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। छात्रों को लापरवाही करने से बचना चाहिए, मेहनत जारी रखें। आज अधिक खर्च करने से बचें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर राशिः**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी। कारोबार में रूका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा। नए लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए लाभदायक होगी।

**कुंभ राशिः**आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज अचानक होने वाली कुछ गतिविधियों पर नजर रखें। आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉजिटिव नजरिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे। कामकाज की अधिकता सेहत पर असर डाल सकती है। किसी रिश्तेदार के आने की खुशी में घर का माहौल पार्टी जैसा बना रहेगा।

**मीन राशिः**आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे। किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आज आपको खुशी मिल सकती है। आप अपनी बेहतर सोच से हालात को संभालने में सफल रहेंगे।

# सत्ता हो विपक्ष, राजनीति तो स्वाभाविक है

**विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार ने बजट को लेकर राजनीति की है। विपक्ष का आरोप है कि इस बजट में नीतीश कुमार और एन चंद्रबाबू नायडू ने अल्पमत सरकार को समर्थन देने की कीमत वसूली है। आरोप यह भी है कि सरकार बचाने के लिए बीजेपी ने बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया है, जबकि अन्य राज्यों को कुछ खास हासिल नहीं हुआ है। आरोप को बढ़ाते हुए विपक्ष यहां तक कह रहा है कि यह पूरे देश का बजट नहीं है। कांग्रेस तो यहां तक कह रही है कि मौजूदा बजट उसके चुनाव घोषणा पत्र की कॉपी है।**



जहां तक बजट में राजनीति का सवाल है तो शायद ही कोई सरकार या दल होगा, जिसने अपने कार्यकाल में प्रस्तुत बजट में राजनीति ना की होगी। हर राजनीतिक दल की अपनी विचारधारा है, उसका अपना एजेंडा होता है, उसका अपना वोट बैंक होता है। बजट हो या अन्य सरकारी फैसले, हर राजनीतिक दल और सरकार अपने कदम उठाते वक्त उनका ध्यान रखती है। इसके साथ ही हर राजनीतिक दल अपने भावी और लक्षित वोट बैंक को लुभाने के लिहाज से भी फैसले लेता है। हर राजनीतिक दल की चाहत होती है कि उसका मौजूदा वोट आधार बढ़े। इस लिहाज से भी वह अपने राजनीतिक फैसले लेता है और उसकी सरकारें भी अपनी नीतियां इसी हिसाब से बनाती और बढ़ाती हैं। इस नजरिए से देखें तो अगर मोदी सरकार ने नीतीश और नायडू के राज्यों को कुछ विशेष सहूलियतें दी है तो कोई गलत नहीं है। अगर बिहार बाकी राज्यों की तुलना में पिछड़ा है, वह जनसंख्या पलायन का दंश झेलने को मजबूर है तो हर सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि उस देश के साथ कदमताल करने के लिए बिहार को अगर सहूलियत देनी पड़ी तो दे। मदद का हाथ बढ़ाना पड़े तो बढ़ाए। अगर आंध्र प्रदेश को भी मदद की दरकार हो तो मिलनी चाहिए। सिर्फ बिहार और आंध्र ही नहीं, जो राज्य पिछड़ा है, उसे आगे लाने और उसे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मदद की स्पष्ट नीति होनी चाहिए। अव्वल तो हम देश को एक इकाई के तौर पर देखने का दावा करते हैं। अपना संविधान नागरिक को देश की मूल इकाई घोषित करता है। इस लिहाज से हर नागरिक बराबर है। लेकिन आर्थिक और सामाजिक नजरिए से देखें तो हर नागरिक बराबरी की बेंच पर नहीं बैठा है। समान मतदान और कानून के सामने बराबरी के अधिकार ने एक हद तक बराबरी की इस अवधारणा को जिंदा जरूर रखा है। यह बात और है कि अक्सर अमीर और गरीब के लिए कानूनी पेच और प्रक्रियाएं, यहां तक कि न्यायिक अवधारणा भी बदल जाती है। इन बातों को छोड़ दें तो कम से कम आर्थिक आधार पर बराबरी की ओर बढ़ने की कोशिश होनी चाहिए। प्रशासनिक सहूलियत और सांस्कृतिक आधार पर हमने राज्य गठित कर लिए तो इसका यह मतलब नहीं कि उनकी असमानताओं को अनदेखी की जाए। किसे नहीं पता है कि बिहार के उत्तरी हिस्से में हर साल कोसी नदी प्रलय लेकर आती है। जिससे तकरीबन आधार बिहार नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर रहता है। इसी तरह समूचे देश को पता है कि तेलंगाना के अलग होने के बाद हैदराबाद आंध्र की राजधानी नहीं रहा। उसे राजधानी बनाने के लिए संसाधन चाहिए ही होंगे। इसलिए अगर बिहार और आंध्र को सहूलियतें कुछ ज्यादा मिली भी हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से देखने की बजाय जमीनी हकीकत के लिहाज से समझा जाना चाहिए। वैसे यह भी अर्ध सत्य ही है कि बाकी राज्यों को बजट में कुछ नहीं मिला। जबकि इस बजट में अगर रेल परियोजनाएं हैं, अगर कृषि बजट को सवा लाख करोड़ से बढ़ाकर एक करोड़ 52 लाख करोड़ कर दिया गया है, अगर सड़क परियोजनाओं की बाढ़ लाई गई है, अगर केंद्रीय करो में राज्यों का हिस्सा बढ़ाया गया है तो इससे किसी एक ही राज्य का भला नहीं होना है, बल्कि देश के हर राज्य को भला होना है। बजट में आदिवासी लोगों के लिए बजट में वित्त मंत्री पूर्वोदय योजना लेकर आई हैं। जिसके जरिए झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। झारखंड को एक और योजना का सीधा फायदा मिलेगा। बजट प्रस्तावों में 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' योजना भी लायी गई है। आदिवासी गांवों और लोगों के विशेष विकास के लिए विशेष रूप से डिजाइन इस योजना का फायदा उन सभी राज्यों को मिलना है, जहां आदिवासी आबादी है। झारखंड में जहां 27 फीसद आबादी जनजातीय है। वहीं उसके पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में करीब 32 फीसद आबादी जनजातीय समुदाय की है। 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के दायरे में 63 हजार गांवों को लाया जाना है। जिससे सीधे तौर पर पांच करोड़ जनजातीय लोगों की जिंदगी बदलने की कोशिश की जानी है। जाहिर है कि इसका फायदा उड़ीसा, झारखंड और छ्त्तीसगढ़ के साथ कांग्रेस शासित तेलंगाना को भी मिलेगा, क्योंकि इन्हीं राज्यों में देश का सबसे ज्यादा जनजातीय आबादी रहती है। कांग्रेस ने युवाओं को लुभाने के लिए तीस लाख खाली पड़े सरकारी पदों को भरने और डिप्लोमा धारक सभी बेरोजगार युवाओं को इंटर्नशिप और एक लाख रूपए सालाना देने का वादा किया था। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने इस वायदे को खूब प्रचारित किया। राहुल गांधी कहा करते थे कि इस सरकार बनी और उधर खटाखट-खटाखट खाते में पैसे ट्रांसफर होने लगे थे। माना जाता है कि इससे युवाओं का एक वर्ग विपक्ष की ओर आकर्षित भी हुआ। कांग्रेस की सीटें बढ़ने में इस वायदे की भी बड़ी भूमिका मानी जा रही है।

बजट में सरकार ऐसी योजना तो लेकर नहीं आई, अलबत्ता वह युवाओं के लिए इंटर्नशिप योजना लेकर आई है। जिसके तहत हर साल एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दी जानी है, जिसके लिए उन्हें पांच हजार रूपए मासिक और एक मुश्त साल में एक बार छह हजार रूपए भी दिए जाने हैं। करीब चार करोड़ दस लाख युवाओं को कुशल बनाने की भी योजना लाई गई है। इन्हीं योजनाओं का हवाला देकर कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा रही है कि उसके वायदे को सरकार ने कॉपी कर लिया है। इसके बहाने वह कांग्रेस पर हमलावर भी है। चाहे सरकार को विपक्ष, सबका दावा है कि उनकी राजनीति का उद्देश्य देश के लोगों का जीवन स्तर सुधारना है। सवाल यह है कि जब सबका यही उद्देश्य है तो कल्याणकारी योजनाएं कोई भी लाए, उसे खुश होना चाहिए। कांग्रेस को तो वाकई में प्रसन्न होना चाहिए कि उसका वायदा इतना ताकतवर रहा कि उसे अपनाने के लिए उसकी कट्टर विरोधी बीजेपी की सरकार को मजबूर होना पड़ा। लेकिन हकीकत में कांग्रेस खुश नहीं है, उसे लगता है कि सरकार ने सत्ता के जरिए उसका मुद्दा लपक लिया है। कांग्रेस को डर है कि अगर इस प्रस्ताव को ईमानदारी से लागू कर दिया गया तो उसकी ओर आकर्षित हो रहे युवाओं के आकर्षण में कमी आ सकती है। जिसकी वजह से उसे सियासी नुकसान हो सकता है या भविष्य में जितने फायदे मिलने की उम्मीदें रहीं हैं, वह पूरा नहीं हो पाएगा। सत्ता संभालने की बात हो या उसके विरोध की, सबका उद्देश्य जब राजनीति ही है तो फिर सरकारी कदमों में राजनीति ना होने की उम्मीद पालना बेमानी ही कहा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी अगर राजनीति में हैं तो वह संत की भूमिका निभाने के लिए नहीं हैं और अगर राहुल भी राजनीति में हैं तो वह अध्यात्म की सेवा करने के लिए नहीं हैं। इसलिए बजट हो विरोध, राजनीति होगी। लिहाजा बजट को लेकर आरोप लगाना कि यह राजनीति बजट है, उसका कोई मतलब नहीं। राजनीति तो यह समझती ही है, आम वोटरों को भी यह जल्द से जल्द समझ लेना चाहिए।

# नव तस्करी के खिलाफ लड़ाई

//राजेश मणि//

**नव तस्करी के खिलाफ हमारी लड़ाई में, हमें लगातार नवाचार के माध्यम से जुड़ने और एकजुट होने का प्रयास करना चाहिए, जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी के हमारे उपयोग का अनुकूलन भी शामिल है। तस्कर दूसरों का शोषण करने के लिए इंटरनेट की लगातार बदलती प्रकृति का लाभ उठाते हैं; यह जरूरी है कि हम भी इस प्रवृत्ति का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाएं। डिजिटल तकनीक ने हमें तस्करी को रोकने, पीड़ितों की रक्षा करने, बुरे लोगों पर मुकदमा चलाने और इस अपराध से निपटने के लिए वैश्विक साझेदारी बनाने के नए तरीके दिए हैं। डिजिटल तकनीक और मानव तस्करी के बीच एक तरह का संबंध तब हो सकता है जब तस्कर पीड़ितों का शोषण करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं।**



हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है, लेकिन इस मुद्दे पर नए सिरे से ध्यान दिया गया क्योंकि कई लोगों ने कोविड-19 महामारी के चरम पर अपनी दैनिक गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया। कई देशों की रिपोटरे ने ऑनलाइन वाणिज्यिक यौन शोषण और यौन तस्करी में भारी वृद्धि को प्रदर्शित किया, जिसमें बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषण, और बाल यौन शोषण सामग्री की मांग और वितरण शामिल है। तस्करों ने पीड़ितों को तैयार करने, धोखा देने, नियंत्रित करने और उनका शोषण करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके व्यक्तियों का शोषण करने की योजनाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा है।

इनमें से कुछ योजनाएं लोगों को सैकड़ों मील दूर, सीमाओं के पार भी लुभाती हैं, जबकि अन्य के लिए उन्हें अपने घरों से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होती है। मानव तस्करी के पीड़ितों और बचे लोगों ने तेजी से साझा किया है कि वे पहली बार अपने तस्करों से ऑनलाइन जुड़े थे, जबकि तस्कर डिजिटल तकनीकों के अपने उपयोग को परिष्कृत और उन्नत करना जारी रखते हैं, सरकारों और अन्य तस्करी विरोधी हितधारकों को मानव तस्करी से निपटने के लिए ऐसा ही करना चाहिए।

तस्कर संभावित पीड़ितों की पहचान और उन्हें तैयार करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यूएनओडीसी के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तस्करों को सक्रिय रूप से और गुमनाम रूप से एक विशिष्ट प्रकार के व्यक्ति की खोज करने में मदद करते हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनकी योजना को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से अतिसंवेदनशील हैं (शिकार प्रक्रिया), या ऑनलाइन पोस्ट करके और प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करके संभावित पीड़ितों को निष्क्रिय रूप से आकर्षित करते हैं (मछली पकड़ने की प्रक्रिया)। अपराधी संभावित पीड़ितों के साथ बातचीत करते समय नकली खातों और प्रोफाइल के माध्यम से अपनी असली पहचान छिपाने के लिए सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन, वेबसाइट, डेटिंग ऐप और गेमिंग प्लेटफॉर्म-या ऐसे उपकरणों की धोखाधड़ी या भ्रामक नकल-का उपयोग कर सकते हैं।

एक बार जब संभावित पीड़ितों की पहचान हो जाती है और संपर्क स्थापित हो जाता है, तो इंटरनेट के माध्यम से संचार शिक्षा, रोजगार, आवास या रोमांटिक संबंधों के झूठे वादों के साथ व्यक्तियों को धोखा देने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है, केवल उन्हें श्रम और यौन तस्करी की स्थितियों में लुभाने के लिए। उदाहरण के लिए, एक तस्कर एक ऑनलाइन व्यावसायिक वेबसाइट बना सकता है, जिस पर वे अक्सर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए यथार्थवादी तस्वीरें शामिल करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि अवसर प्रामाणिक है और उनके करियर को आगे बढ़ाने या उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इंटरनेट शोषणकारी योजना को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम कर सकता है, जिसमें सेक्सटॉशर्न के माध्यम से भी शामिल है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सेक्सटॉशर्न को एक गंभीर अपराध के रूप में परिभाषित करता है जो तब होता है जब अपराधी पीड़ित द्वारा यौन प्रकृति की तस्वीरें, यौन एहसान या पैसे न दिए जाने पर निजी और संवेदनशील सामग्री वितरित करने की धमकी देता है। इसके अतिरिक्त, तस्कर जबरन अपराध को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं, जो एक तेजी से आम तंत्र है जिसमें तस्कर अपने पीड़ितों को ऑनलाइन घोटाले के संचालन से लेकर व्यावसायिक सेक्स तक के कामों में शामिल होने या उनका समर्थन करने के लिए मजबूर करते हैं। तस्कर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन नौकरी लिस्टिंग के माध्यम से पीड़ितों को भर्ती करते हैं, उन्हें परिसरों में बंद कर देते हैं और गंभीर नुकसान की धमकी देकर उन्हें ऑनलाइन आपराधिक गतिविधि में शामिल होने के लिए मजबूर करते हैं। ऑनलाइन घोटाले के संचालन में अवैध ऑनलाइन जुआ, क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजनाएं और रोमांस घोटाले शामिल हैं, जिनमें से सभी में तस्करी का शिकार व्यक्तियों के साथ संबंध बनाता है ताकि उन्हें महत्त्वपूर्ण रकम का धोखा दिया जा सके। संक्षेप में, तस्कर अपने तस्करी कायरे की पहुंच, पैमाने और गति को बढ़ाने के लिए इंटरनेट जैसे डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं। हालांकि तकनीकी विकास के साथ तरीके और साधन विकसित हो सकते हैं, लेकिन तस्करी के मूल में शोषण अभी भी जारी है, जो इस अपराध की जांच और उससे निपटने के लिए व्यापक और अभिनव दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। हम सभी को विशेषकर बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है या मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता है। तस्कर आए दिन अपने तरीके बदलते रहते हैं। अपने देश में इस मुद्दे को यानी मानव तस्करी को गृह मंत्रालय मॉनिटर करता है और इस संगठित अपराध को कम करने के लिए संकल्पित भी है। गृह मंत्रालय ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने का गठन करने के लिए सभी प्रदेशों को आदेश भी दिया है। आदेश के बाद लगभग राज्यों में इसका गठन हो भी चुका है। साथ ही प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के प्रिशिक्षण के लिए भी गृह मंत्रालय कार्य कर रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया



शिलांग के पोलो ग्राउंड स्थित जेएनएस कॉम्पलेक्स में डूरंड कप 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा।



कोलकाता में भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क पर एक व्यक्ति अपना रिक्शा खींचता हुआ।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में ककोलत जलप्रपात पर पर्यटन सुविधाओं का उद्घाटन किया।



भारतीय सेना ने एक अस्थायी पुल का निर्माण किया है, जबकि रामपुर के समेज में एक अगस्त को बादल फटने के बाद बचाव और बहाली कार्य जारी है, जिसमें छह लोग मारे गए थे।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के मालटोली में एनएच-75 के पास भारी बारिश के कारण बह गए मुरगु पुल का निरीक्षण किया।



बिग बॉस ओटीटी 3 के ग्रैंड फिनाले के बाद मुंबई में ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाती बिग बॉस विजेता सना मकबूल।

# केदारघाटी में फंसे हैं 1 हजार से अधिक लोग, हिमाचल में 46 लापता, बारिश ने कहां-कहां मचाई तबाही

**नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

पहाड़ी राज्यों में बीते दिनों बादल फटने के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण आई आपदा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। हिमाचल प्रदेश में लापता 46 लोगों का तीसरे दिन भी पता नहीं चल सका है। उत्तराखंड में मौसम बचाव कार्य में बड़ी बाधा बना हुआ है। 9099 तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, लेकिन लगभग एक हजार लोग अब भी विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं।बंगाल में दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण विभिन्न जिलों में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। इधर, उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राहत एवं बचाव अभियान की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय भी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। इसके बावजूद चार दिन बाद भी केदारनाथ धाम और पैदल मार्ग पर पड़ावों पर फंसे सभी तीर्थयात्रियों को निकाला नहीं जा सका है। मौसम प्रतिकूल होने के कारण शनिवार को वायुसेना के मालवाहक हेलीकाप्टर चिनूक और एमआई-17 उड़ान नहीं भर पाए। छोटे हेलीकॉप्टरों से भीमबली, चीरबासा और लिनचोली में फंसे तीर्थयात्रियों में से 1000 को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मंदिर समिति की टीमों ने 600 लोगों को केदारनाथ धाम के दुरुह वैकल्पिक मार्गों से सुरक्षित निकाला, 400 अन्य को हेलीकाप्टरों से निकाला गया। अभी तक 9,099 तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को निकाला जा चुका है। अब भी लगभग 1000 तीर्थयात्री जगह-जगह फंसे हुए हैं। केदारनाथ धाम की यात्रा स्थगित है। पुलिस ने अभी तक लिनचोली क्षेत्र में तीन शव बरामद किए हैं। दो मलबे में दबे थे, जबकि एक मंदाकिनी नदी में मिला। इनमें दो की पहचान सहारनपुर उप्र निवासी शुभम कश्यप और रुद्रप्रयाग के घिमतौली निवासी नीरज के रूप में की गई। एक अन्य की पहचान नहीं हो पाई है। पत्थरों में फंसे चमोली निवासी गिरीश को 18 घंटे बाद एसडीआरएफ ने निकाल लिया, उसके पैर में चोट आई हैं। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, ऊना, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिला के कुछ स्थानों पर रविवार को आंधी के साथ भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। इससे बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। लापता हुए 46 लोगों का अब भी पता नहीं चल सका है। शनिवार को मंडी की चौहारघाटी में एक लड़की का शव मिला है। शिमला के समेज में 33 लोग लापता हैं, मंडी की चौहारघाटी में चार और कुल्लू में नौ लोग लापता हैं। बादल फटने और बाढ़ के कारण अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। ड्रोन सहित विभिन्न उपकरणों की मदद से लापता लोगों को तलाशने के लिए अभियान चलाया हुआ है। चौहारघाटी के पद्धर उपमंडल के राजबन में बचाव कार्य में जुटी टीम को चट्टान के नीचे शव मिलने का पता चला।

चट्टान इतनी मजबूत थी कि इसे तोड़ने के लिए 16 ब्लास्ट किए गए। इसके बाद चट्टान के नीचे से 11 साल की अनामिका का शव मिला। बादल फटने के बाद राजबन में आई बाढ़ में बहे अब तक सात शव बरामद हो चुके हैं। शिमला जिले के रामपुर के साथ सटे समेज में मलबे के नीचे दबे लापता लोगों को ढूंढने के लिए लाइव डिटेक्टर डिवाइस का प्रयोग किया जा रहा है। खोजी कुत्तों को भी सर्च आपरेशन में शामिल किया गया है। लाइव डिटेक्टर डिवाइस एक जीवन पहचान उपकरण है, जिसका उपयोग आपदाओं के बाद बचाव कार्यों के दौरान किया जाता है।बंगाल में दो दिनों से हो रही भारी बारिश से उत्तर से लेकर दक्षिण तक जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है।

## सोमालिया में होटल पर आतंकी हमला, 32 की मौत 63 घायल,अल कायदा के सहयोगी ने ली जिम्मेदारी




**मोगादिशू।** सोमालिया में राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट पर बने एक होटल पर हुए आतंकी हमले में 32 लोगों की मौत हो गई और 63 घायल हो गए। आतंकी संगठन अलकायदा के पूर्वी अफ्रीका सहयोगी अल शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले में मरने वालों में एक सेना का जवान शामिल है, जबकि बाकी आम नागरिक हैं। हमले में एक अन्य सैनिक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के बाद गोलीबारी हुई। एक प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद मोआलिम ने बताया कि उसने घटना से पहले एक हमलावर को विस्फोटक जैकेट पहने देखा था। उसने होटल के पास खुद को उड़ा लिया।लीडो बीच क्षेत्र को पहले भी अल शबाब से संबद्ध आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाया गया है। पिछले साल के हमले में नौ लोग मारे गए थे। शनिवार को एक अन्य हमले में, राजधानी से लगभग 40 किलोमीटर दूर एक यात्री वाहन के सड़क किनारे रखे बम की चपेट में आने से सात लोगों की मौत हो गई।

# द्रमुक ने अब भगवान राम के अस्तित्व पर उठाया सवाल तमिलनाडु के मंत्री के विवादित बोल पर भड़की भाजपा



**चेन्नई, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

सनातन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले द्रमुक ने अब भगवान राम पर विवादित बयान दिया है और उनके अस्तित्व पर ही सवाल उठाया है। तमिलनाडु के मंत्री एसएस शिवशंकर ने शुक्रवार को दावा किया कि ऐसा कोई ऐतिहासिक सुबूत नहीं है जो भारत और दुनियाभर में अरबों लोगों के पूजनीय हिंदू देवता राम के अस्तित्व को साबित कर सके।उधर, भाजपा ने कटाक्ष किया कि द्रमुक मंत्री पहले भगवान राम पर आम सहमति बना लें। एक मंत्री कुछ कहते हैं तो दूसरे कुछ। इससे पूर्व पिछले वर्ष सितंबर में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बीते वर्ष सितंबर में सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी और इसे खत्म किए जाने की जरूरत बताई थी। अरियालुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए द्रमुक सरकार में मंत्री शिवशंकर ने कहा कि तमिलनाडु के लोगों का कर्तव्य है कि वे चोल सम्राट राजेंद्र चोल (राजेंद्र प्रथम) की विरासत का जश्न मनाएं और उनका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि राज्य की इमारतें अभी भी उनके अस्तित्व को साबित करने के लिए सुबूत के तौर पर काम करती हैं जबकि इतिहास में ऐसा कोई सुबूत नहीं है जिसमें उल्लेख हो कि राम अस्तित्व में थे। मंत्री ने कहा कि हमारे पास चोल वंश के शिलालेख, उनके द्वारा बनाए गए मंदिर और उनके द्वारा बनाई गई झील जैसे पुरातात्विक सुबूत हैं लेकिन, भगवान राम के इतिहास का पता लगाने के लिए कोई प्रमाण नहीं हैं। द्रमुक नेता ने कहा कि कुछ लोग दावा करते हैं कि भगवान राम 3,000 साल पहले रहते थे और वे उन्हें अवतार कहते हैं लेकिन अवतार पैदा नहीं हो सकता।

अगर राम अवतार थे तो उनका जन्म नहीं हो सकता था अगर उनका जन्म हुआ तो वे भगवान नहीं थे। टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के.अन्नामलाई ने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति द्रमुक का अचानक ऐसा रवैया वास्तव में देखने लायक है- किसने सोचा होगा, ये कैसा विरोधाभास। पिछले हफ्ते द्रमुक के कानून मंत्री एस रघुपति ने घोषणा की थी कि भगवान राम सामाजिक न्याय के अंतिम चैंपियन, धर्मनिरपेक्षता के अग्रदूत और सभी के लिए समानता की घोषणा करने वाले व्यक्ति थे, लेकिन अब परिवहन मंत्री शिवशंकर अपनी ही सरकार के मंत्री की बात काटते हुए दावा कर रहे हैं कि भगवान राम कभी अस्तित्व में ही नहीं थे। भाजपा नेता ने सुझाव दिया कि अब समय आ गया है कि द्रमुक के मंत्री रघुपति और शिवशंकर मिल बैठकर भगवान राम के मुद्दे पर आम सहमति बना लें। उधर, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि आईएनडीआईए का हिंदू विरोधी और राम विरोधी रुख एक बार फिर सामने आया है।पूनावाला ने सवाल किया कि क्या लोकसभा में भगवान शिव के बारे में बोलने वाले विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस पर प्रतिक्रिया देंगे। पूनावाला ने एक्स पर वीडियो में दावा किया कि राहुल गांधी खुद हिंदुओं और हिंदू देवताओं के बारे में इसी तरह के विचार रखते हैं।

# भगवान कृष्ण ने लगाई थी पहली लोक अदालत, सुप्रीम कोर्ट के कार्यक्रम में बोले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल



**नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सौहार्दपूर्ण ढंग से मध्यस्थता के जरिए विवाद निपटाने में लोक अदालतों के महत्व का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि कई बार लोग अदालती प्रक्रिया से इतना त्रस्त हो जाते हैं कि किसी भी तरह समझौता करना चाहते हैं ताकि उन्हें अदालत न आना पड़े। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पांच दिन तक विशेष लोक अदालत लगा कर मामलों को सौहार्द पूर्ण ढंग से निपटारा करने की सुप्रीम कोर्ट की पहल की प्रशंसा की। कहा कि पहली लोक अदालत भगवान कृष्ण ने कौरवों-पांडवों का विवाद निपटाने के लिए लगाई थी। इस संदर्भ में उन्होंने दिनकर की पंक्तियों का भी उल्लेख किया।कानून मंत्री ने कहा कि दुनिया में सबसे सफल इंसान वही होता है जिसे टूटे को बनाना आता है और रूठे को मनाना आता है। मेघवाल ने कहा कि मनुष्य को विवेक को नहीं मरने देना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो लोक अदालतें उसे जगाने का काम करती हैं। उन्होंने लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, दीवानी विवाद, चेक बाउंस केस, जमीन अधिग्रहण आदि के मामले निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सराहना की। मेघवाल ने कहा कि इस विशेष लोक अदालत में करीब 1000 मामले निपटाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 29 जुलाई से दो अगस्त तक लोक अदालत लगाई थी। शनिवार को इसका स्मरणोत्सव समारोह था। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के दरवाजे न्याय पहुंचाना और सुनिश्चित करना है कि हम उनके साथ हैं। चीफ जस्टिस ने जटिल और थकाऊ न्यायिक प्रक्रिया में निहित समस्याओं पर प्रकाश डाला जिसके कारण अक्सर पक्षकार अपने कानूनी अधिकारों से कम राशि पर समझौते को स्वीकार करने को तैयार हो जाते हैं। उन्होंने इसे चिंता का विषय बताया।

## भूस्खलन के कारण जिन लोगों को घर छोड़ने पर होना पड़ा मजबूर, उनके घरों में हो रही लूट

**वायनाड।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से तबाह गांवों के निवासियों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन अब उनको नई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भूस्खलन पीड़ित लोगों अपने घरों में पुलिस को चोरी की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ाई है।विस्थापित निवासियों को संदेह है कि चोर राज्य के सबसे बड़े मानवीय संकट का फायदा उठाकर कीमती सामान चुरा सकते हैं। कुछ प्रभावित लोगों ने अधिकारियों से चोरी के इरादे से रात में क्षेत्र में प्रवेश करने वालों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने का आग्रह किया है। एक प्रभावित व्यक्ति ने संवाददाताओं से कहा कि हम वे लोग हैं जिन्होंने इस त्रासदी में अपना सब कुछ खो दिया है। भूस्खलन त्रासदी के दौरान अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमने अपना घर छोड़ दिया था। लेकिन जब हम उसके बाद अपने घर की स्थिति की जांच करने के लिए वापस लौटे, तो हमने पाया कि दरवाजे टूटे हुए थे।

# मनु भाकर के भारत वापसी का बेसब्री से इंतजार, मां ने बना रखा खास प्लान

**फरीदाबाद, 04 अगस्त [एजेंसी]।**



पेरिस ओलंपिक में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा में अपनी लाडली बेटी मनु के पदक से चूकने का उसके माता-पिता को मलाल तो रहा पर साथ ही यह भी कहा कि एक साथ दो पदक जीतना भी ऐतिहासिक उपलब्धि है। हमारी बेटी ने देश का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया है। अब तो उस पल का इंतजार है जब बेटी वापस लौटेगी और उसका हम सब भव्य स्वागत करेंगे। कुछ इस तरह से निशानेबाज शूटर मनु भाकर की मां सुमेधा और पिता रामकिशन ने शनिवार को मैच के परिणाम के बाद अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। मनु ने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास बनाया और शनिवार को 25 मीटर स्पोर्टर्स पिस्टल में भी चौथे स्थान पर रहीं।हमेशा की तरह इस बार भी मनु के माता-पिता ने मैच नहीं देखा। मैच के परिणाम के बाद बातचीत करते हुए मां सुमेधा ने कहा कि वह तीसरा पदक भी जीतती तो निश्चित रूप से सोने पर सुहागा हो जाता।

जब उनसे यह पूछा गया कि वह मनु का स्वागत किस तरह से करेंगे तो उन्होंने कहा कि हम तो पलकें बिछाए हुए हैं, स्वागत कैसा होगा यह अभी नहीं बताएंगे, पर जोरदार होगा।सेवानिवृत्त लेक्चरार सुमेधा ने आगे कहा कि सबसे पहले तो उसके आने पर बेटी की पसंदीदा आलू के पराठे बनाकर खिलाऊंगी, क्योंकि बेटी वहां अपनी पसंद के भोजन को तरस गई। मां सुमेधा ने कहा कि अब मनु के अन्य शौक भी पूरा करने का प्रयास करेंगी, इसमें स्पोर्ट्स कार और बाइक शामिल हैं। जो मांगेगी उसे लेकर दूंगी।

## कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में शुक्रवार शाम को एक कार और ट्रक की टक्कर में चार वर्षीय बच्चे समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सानौधा पुलिस थाने के अंतर्गत परसोरिया गांव के पास हुई। सानौधा पुलिस थाने के प्रभारी गौरव गुप्ता ने बताया कि एक परिवार सागर से परसोरिया लौट रहा था, तभी उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई।

# वायनाड में जमीन में दबे लोगों को क्या खोज पाएगी अंतरिक्ष तकनीक, ISRO चीफ ने सबकुछ कर दिया साफ

**बेंगलुरू, 04 अगस्त [एजेंसी]।**



केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। इसमें खास सेंसर युक्त ड्रोनों की भी मदद ली जा रही है। मगर इस बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि अंतरिक्ष तकनीक का इस्तेमाल करके भूस्खलन के मलबे के नीचे दबे लोगों का पता लगाना संभव नहीं है। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक के जरिये जमीन की एक निश्चित गहराई की जानकारी हासिल की जा सकती है। मगर लोगों को खोजने के लिए इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसरो द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में इससे जुड़े सवाल पर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि मलबे के नीचे दबी वस्तुओं का पता लगाने के लिए अंतरिक्ष-आधारित सेंसर की सीमाएं हैं। अंतरिक्ष तकनीक से जमीन के नीचे क्या है, इसका पता लगाना संभव नहीं है। भारत-अमेरिका मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चयनित दो 'गगनयात्री' से जुड़े सवाल का भी सोमनाथ ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने की प्रक्रिया ही आपको बहुत कुछ सीखने का मौका देती है।

हमारे एक अंतरिक्ष यात्री को तैयारी की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे हमें पता चलेगा कि गगनयान मिशन के लिए गगनयात्रियों को कैसे तैयार किया जाए। सोमनाथ ने कहा कि जब गगनयात्री वास्तव में उड़ान के अनुभव से गुजरेंगे और वहां पहले से ही मौजूद अंतरराष्ट्रीय चालक दल के साथ काम करेंगे तो इससे उन्हें वास्तव में वह ज्ञान और कौशल प्राप्त होगा, जो इसरो को भारत के मिशन के लिए तैयार कर देगा। सोमनाथ ने इसरो की शुरुआती असफलताओं के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को मनाए जाने वाले पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को लेकर उत्साहित हैं।

## भारत में 2040 तक बढ़ेगी कामकाजी उम्र की आबादी चीन और जापान में घटेगी, एडीबी की रिपोर्ट में खुलासा




**नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

भारत में कामकाजी उम्र की आबादी 2040 तक बढ़ने और 2050 तक पर्याप्त कार्यबल बनाए रखने का अनुमान है, जबकि चीन और जापान जैसे देशों में कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में गिरावट आ रही है। एशियाई विकास बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, स्टेटिस्टा डेटा इस बात पर प्रकाश डालता है कि 2011 में भारत की कामकाजी आयु वर्ग की आबादी इसकी कुल आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक थी और 2031 तक इसके बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, 2036 तक यह प्रतिशत 2031 में 65.1 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 64.9 प्रतिशत हो जाएगा। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति कार्यबल असंतुलन को दूर करने और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए श्रम गतिशीलता और क्षेत्रीय सहयोग के महत्व को आगे रखेगी। एडीबी के अनुसार एशिया और प्रशांत क्षेत्र सक्रिय क्षेत्रीय प्रवास नीतियों और मानव पूंजी निवेश के माध्यम से अपने जनसांख्यिकीय घाटे को प्रभावी ढंग से कम कर सकते हैं। पिछले 50 वर्षों में क्षेत्र के कई देशों ने अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाकर, परिवहन, ऊर्जा और दूरसंचार जैसे बुनियादी ढांचे के निवेश पर ध्यान केंद्रित करके समृद्धि हासिल की है।हालांकि, जैसे-जैसे जनसांख्यिकीय लाभांश घाटे में बदल रहे हैं, रणनीति में बदलाव आवश्यक है। देशों को अब आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए मानव पूंजी में निवेश करने और पूरे क्षेत्र में अधिक श्रम गतिशीलता को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों से पता चलता है कि एशिया ने अपने चरम जनसांख्यिकीय लाभांश को पार कर लिया है।कई देशों में कामकाजी उम्र के व्यक्तियों की कुल संख्या में उल्लेखनीय कमी आने वाली है, जिससे अनुकूल नीतियों की आवश्यकता पर और अधिक बल मिलेगा। एशिया और प्रशांत क्षेत्र के देशों को ऐसी नीतियों को लागू करके अनुकूलन करना चाहिए जो उनके शेष कार्यबल का अधिकतम लाभ उठा सकें।

# ब्रिटेन में बढ़ाई गई मस्जिद की सुरक्षा, तीन बच्चियों की हत्या के विरोध ने पकड़ा तूल

**लंदन, 04 अगस्त [एजेंसी]।**



ब्रिटेन के साउथपोर्ट में सोमवार को तीन बच्चियों की हत्या के बाद से विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को संडरलैंड इलाके में पुलिस पर हमला बोल दिया। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि आठ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। माहौल को देखते हुए मस्जिद के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दो दिन पहले भी हिंसक झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सप्ताहांत में 30 स्थानों पर प्रदर्शन होने की साजिश सामने आने के बाद पुलिस इससे निपटने की तैयारी कर रही है। शुक्रवार को सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों ने एक मस्जिद के पास तैनात पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। वाहनों को पलट दिया और कार में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कार्यालय की एक इमारत को भी निशाना बनाया। साथ ही करीब स्थित एक संपत्ति को आग के हवाले कर दिया। हिंसा में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। दो को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस का कहना है कि इंटरनेट मीडिया पर फैलाई गई गलत सूचना के कारण ये घटनाएं हो रही हैं। अफवाह यह थी कि सोमवार को डांस क्लास में हुए हमले में शामिल आरोपित मुसलमान है और वह यहां शरण चाहता है। इस चाकूबाजी में 11 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसमें तीन बच्चियों की मौत हो गई थी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने इंटरनेट मीडिया कंपनियों से फैल रही अफवाहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह विरोध नहीं है। यह अपराध और हिंसक अव्यवस्था है। कानून के शासन और न्याय के क्रियान्वयन पर हमला है। हालात को देखते हुए पूर्व गृह सचिव प्रीति पटेल ने संसद की बैठक बुलाने का आह्वान किया है।

# तबादले से दुखी SI ने की आत्महत्या, गर्भवती पत्नी ने कांग्रेस विधायक पर लगाया आरोप, CID करेगी जांच

**कर्नाटक , 04 अगस्त [एजेंसी]।**

कर्नाटक में एक दलित पुलिस उप निरीक्षक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कांग्रेस विधायक चन्नारेड्डी तन्नूर और उनके बेटे पंपनगौड़ा तन्नूर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उप-निरीक्षक ने तैनाती के सात माह के अंदर उनका तबादला होने के बाद आत्महत्या कर ली थी। गृह विभाग के सूत्रों ने बताया कि मामले के तूल पकड़ने के बाद राज्य सरकार ने इसकी जांच सीआईडी को सौंप दी है। परशुराम की पत्नी श्वेता एनवी की शिकायत पर विधायक और उनके बेटे पर अपमान करने, आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। श्वेता ने आरोप लगाया है कि पिता-पुत्र ने उनके पति से तबादला न होने के बदले में 30 लाख रुपये की मांग की थी।उन्होंने दावा किया कि परशुराम तबादले के बाद से ही रो रहे थे और उन्होंने बताया था कि वह आत्महत्या करने की सोच रहे हैं। जब गर्भवती श्वेता अपने बच्चे के जन्म के लिए अपने मायके रायचूर गईं, तो उन्हें पता चला कि परशुराम को नाक और मुंह से खून बहने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दलित संघर्ष समिति के सदस्यों ने परशुराम के लिए न्याय की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। श्वेता भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। मीडिया से बात करते हुए श्वेता ने आरोप लगाया कि पुलिस विभाग उनके पति का नहीं बल्कि विधायक का समर्थन कर रहा है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि उन्होंने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात से इन्कार किया कि यह आत्महत्या थी। मंत्री परमेश्वर ने बेंगलुरु में मीडिया से कहा कि परशुराम ने आत्महत्या नहीं की। उन्होंने कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा। उनकी पत्नी ने शिकायत की है कि वह तबादले को लेकर परेशान थे। मैं उनके आरोप पर गौर करूंगा। जांच में उस पहलु को भी ध्यान में रखा जाएगा। परमेश्वर ने कहा कि पुलिस प्रारंभिक जानकारी एकत्र कर जांच कर रही है।कर्नाटक में इस घटना से राजनीति गर्मा गई है। विपक्षी भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) ने अच्छे अधिकारियों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए सरकार की आलोचना की। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बेंगलुरु में भाजपा और जद (एस) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मैसूर चलो मार्च की शुरुआत पर कहा कि एक पुलिस उपनिरीक्षक ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने ऐसा क्यों किया।

## कांग्रेस ने उठाया कोचिंग कल्चर का मुद्दा, कहा-व्यापक नीतिगत समाधान की आवश्यकता



**नईदिल्ली, 04 अगस्त [एजेंसी]।**

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि भारत में कोचिंग संस्थानों की तेजी से बढ़ती संख्या के लिए एक व्यापक नीतिगत समाधान की आवश्यकता है। इसके साथ ही पार्टी ने पाठ्यक्रमों में संशोधन, सभी परीक्षार्थियों के लिए अधिक संसाधन तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निवेश का आह्वान किया।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राज्यसभा में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में कोचिंग संस्थानों से जीएसटी संग्रह 2,241 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,517 करोड़ रुपये हो गया है। यह जीएसटी संग्रह में आश्चर्यजनक रूप से 146 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भूमिका बेहतर प्रवर्तन की हो सकती है, लेकिन ऐसा संभवतः बढ़ते बाजार के आकार से भी हुआ है। जयराम कांग्रेस ने 2023 में 2.16 लाख भारतीयों द्वारा अपनी नागरिकता त्यागने के सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उच्च कौशल और उच्च नेट वर्थ वाले भारतीयों का पलायन एक आर्थिक विडंबना है। यह अगले कुछ वर्षों में देश के कर राजस्व को कम कर देगा।

# मंगलभवन की शिलापट्टिका क्षतिग्रस्त स्थिति में मिली



**प्रतापपुर।** नगर के मंगल भवन में स्थानीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा नगर पंचायत में होने वाले 27.22 लाख के निर्माण कार्यों के लिए जनवरी माह में किए गए भूमिपूजन का शिलालेख शनिवार को टूटी हुई हालत में मिला है। जानकारी मिलने पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश अग्रवाल ने मंगल भवन के आसपास रहने वाले लोगों से टूटे हुए शिलालेख के संबंध में पूछताछ की।

पूछताछ के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने नगर पंचायत सीएमओ को एक लिखित शिकायत दी है। शिकायत में भूमिपूजन के शिलालेख को तोड़ने का आरोप मंगल भवन के ही चौकीदार पर लगाया गया है। शिकायत में दर्शाया गया है कि आसपास के लोगों ने चौकीदार को जानबूझकर शिलालेख को तोड़ते हुए देखा है। इसलिए चौकीदार पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इसके बाद नगर पंचायत सीएमओ ने चौकीदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इधर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मंगल भवन के चौकीदार पर योजनाबद्ध तरीके से शिलालेख को तोड़ने का आरोप लगाते हुए प्रतापपुर थाने में मौखिक सूचना दी थी। इसके बाद चौकीदार को थाने में बुलाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में चौकीदार ने बताया है कि वह मंगल भवन की साफ सफाई कर रहा था इसी दौरान गलती से शिलालेख में धक्का लग गया जिससे शिलालेख नीचे गिरकर टूट गया। फिलहाल चौकीदार के विरुद्ध कोई लिखित शिकायत न मिलने के कारण पुलिस ने उसे पूछताछ कर छोड़ दिया है। नगर पंचायत सीएमओ यूफ्रिसिया एक्का ने बताया कि शिलालेख तोड़े जाने की शिकायत मिलने पर विभागीय कार्रवाई करते हुए चौकीदार जवाहिर सोनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

## अनाचार करने वाले तीन आरोपी पुलिस की हिरासत में

**कोरिया।** प्रार्थी ने 1 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी लड़की मेरे रिश्तेदार के यहाँ रहकर पढ़ाई करती थी। अभी पिछले शुकवार को मेरी पत्नी ने मुझे बताया कि उसकी पुत्री 04 महिना की गर्भवती है फिर मेरे और मेरी पत्नी के द्वारा अपनी पुत्री से पूछने पर उसने बताया कि अप्रैल में वह स्कूल गयी थी, शाम 4 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद वापस घर जा रही थी। उसी रास्ते में संदीप चेरवा, तुजफान पनिका एवं रमिंन्द्र सिंह उर्फ छोटू, बैल चरा रहे थे। वहीं रास्ता में मुझे रोककर मेरे साथ खण्डहर में ले जाकर पहले संदीप, फिर तुजफान और आखरी में रमिंन्द्र सिंह उर्फ छोटू बारी-बारी से बलात्कार किये है और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिए है। जब मेरी नाबालिग लडकी का स्वास्थ्य खराब हुआ तब पता चला कि मेरी लडकी को आरोपीगण संदीप चेरवा, तुजफान पनिका और रमिंन्द्र सिंह उर्फ छोटू तीनों के बलात्कार से वह गर्भवती हो गई और आरोपी तुजफान पनिका ने गर्भपात कराने के लिए दवाई खिलाया है जिससे मेरी लड़की का तबियत खराब हुआ है।

## मूसलाधार बारिश से संभाग हुआ पानी-पानी



**बलरामपुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर से गुजर रहे गहन अवदाब के प्रभाव से सरगुजा, सूरजपुर व बलरामपुर जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इन इलाकों में नदी-नाले उफान पर हैं। कई जगहों पर पानी का स्तर बढ़ने से आवागमन भी प्रभावित हुआ है। मौसम के बदले रुख से संभाग का लगभग हर हिस्सा तर बतर हो गया है। शुक्रवार को बलरामपुर व सूरजपुर जिले के अधिकांश इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई। बीते चौबीस घंटे के भीतर शंकरगढ़ में रिकार्ड दो सौ मिमी वर्षा हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटे तक संभाग के अधिकांश इलाकों में वर्षा होने के आसार हैं। लगातार वर्षा से खेतों में पानी भर गया है। शहर से लगे करजी क्षेत्र में प्रगतिशील किसान ताराचंद गुप्ता द्वारा लगाई गई मक्के की फसल लगातार बारिश से प्रभावित हो गई है। पूरी फसल खेत में एक ओर झुक गई है। बहरहाल किसान अब वर्षा थमने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि धान सहित अन्य फसलों की खेती तेजी से कर सकें। मैनपाट क्षेत्र में भारी वर्षा का असर सरगुजा के सबसे बड़े घुनघुट्टा बांध पर पड़ा है। यहां चौबीस घंटे के भीतर जल स्तर बढ़ने से एक एक कर तीन गेट खोल दिया गया है। आसपास के लोगों को रेण नदी में जल स्तर बढ़ने के खतरे से अवगत कराया जा रहा है। प्रशासन भी बांध के जल स्तर पर लगातार नजर रखे हुए हैं। आने वाले समय में और बारिश हुई तो बांध के और गेट खोले जा सकते हैं। सरगुजा के पहाड़ी क्षेत्र मैनपाट में पिछले दो दिनों से लगातार वर्षा हो रही है। इस बीच मैनपाट कापू मार्ग में कुम्हरता खेरसाली घाट पर शनिवार दोपहर भूस्खलन से चट्टान गिर गई। पहाड़ किनारे से गुजरी सड़क में अचानक बड़ी चट्टान गिरने से कुछ देर तक इस मार्ग में आवागमन को सुरक्षा की दृष्टि से रोक दिया गया। बाद में सड़क से चट्टान को हटाकर आवागमन चालू किया गया। बता दें कि हाथी प्रभावित इस मार्ग में दिनभर आवागमन रहता है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि गहन अवदाब इस समय उत्तर छत्तीसगढ़ से लगे झारखंड के डाल्टेनगंज के पूर्व, उत्तरपूर्व दिशा में 60 किमी की दूरी पर केंद्रित है। यह अब धीरे-धीरे मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से रविवार को भी सरगुजा संभाग में बारिश से राहत मिलने की संभावना कम है।



## कांवड़ यात्रा में आस्था के साथ देशभक्ति का भाव

**सीतापुर।** छत्तीसगढ़ के सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो की कांवड़ पदयात्रा में भगवा ध्वज के साथ तिरंगा भी लहरा रहा है। सैनिक से विधायक बने रामकुमार कांवड़ पदयात्रा के माध्यम से आस्था के साथ देशभक्ति के भाव को और मजबूत करने का संदेश दे रहे हैं। वाराणसी के अस्सी घाट से गंगाजल लेकर 409 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा कर वे सरगुजा पहुंचेंगे। गृह विधानसभा सीतापुर के मैनपाट स्थित चोरकीपानी शिवमंदिर में गंगाजल से अभिषेक कर वे देशवासियों के सुख,समृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य की प्रार्थना करेंगे।

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने सीतापुर क्षेत्र के 100 लोगों के साथ वाराणसी पहुंचकर गंगा स्नान किया। काशी विश्वनाथ का पूजन और जलाभिषेक के बाद साथियों के साथ अस्सी घाट से गंगाजल लेकर वे कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। 12 अगस्त को वे मैनपाट के नर्मदापुर से 10 किलोमीटर दूर पेंट घाट पर स्थित चोरकीपानी में जलाभिषेक करेंगे। गुरुवार से विधायक रामकुमार टोप्पो और साथियों ने कांवड़ यात्रा शुरू की है। शनिवार को वे सोनभद्र जिले के राबर्टसगंज के नजदीक तक पदयात्रा पूरी कर चुके हैं। रास्ते में विश्राम और रूकने के लिए मंदिरों और अन्य स्थानों पर समर्थकों ने व्यवस्था की है। विधायक रामकुमार टोप्पो को अदम्य साहस और वीरता के लिए राष्ट्रपति सम्मान मिल चुका है। विधायक निर्वाचित होने से पहले वे भारतीय सेना में थे। विधायक निर्वाचित होने के पहले से ही उन्होंने सावन माह में कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। यह कांवड़ यात्रा का तीसरा वर्ष है। सेना में सेवा के दौरान अवकाश लेकर वे इस आयोजन में शामिल हुआ करते थे। बिना किसी तामझाम के विधायक रामकुमार टोप्पो सामान्य कांवड़ियों की तरह पैदल खाली पैर इस यात्रा को पूरी करते रहे हैं। प्रतिदिन 40 किलोमीटर यात्रा पूरी करने के लक्ष्य के साथ कांवड़िए सुबह ही निकल जाते हैं। विधायक रामकुमार टोप्पो के साथ सीतापुर, मैनपाट और बतौली के युवा श्रद्धाभाव और उल्लास के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल हो रहे हैं। विधायक रामकुमार टोप्पो कांवड़ यात्रा में राष्ट्र प्रेम का भी संदेश देते हैं।

# जल विद्युत परियोजना के बांध से पानी छलका,आसपास के लोगों को किया अलर्ट

**सूरजपुर।** पिछले 24 घंटे से जिले भर में रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश से नदी ,नाले उफान पर है। महान नदी में जलस्तर बढ़ जाने से ओड़गी ब्लॉक के चिकनी गांव में महान नदी पर निर्मित वेनिका हाइड्रो पावर प्लांट के बांध में खतरे के निशान के ऊपर पानी बहने से डूबान क्षेत्र के दर्जन भर गांव में रहने वाले ग्रामीणों के लिए खतरा बढ़ गया है। डूबान क्षेत्र के दर्जन भर गांव के ग्रामीणों को वहां से हटाकर सुरक्षित स्थल पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।



जिले के ओड़गी ब्लाक के चिकनी गांव स्थित वेनिका हाइड्रो पावर प्लांट प्रबंधन द्वारा गांव से गुजरने वाली महान नदी में बड़ा बांध बनाया गया है। बांध में नौ गेट बनाए गए है। यहां डूबान क्षेत्र में करीब दर्जन भर गांव स्थित है। शुक्रवार को सुबह से ही पावर प्लांट के बांध के ऊपर से पानी बहने से डूबान क्षेत्र में आने वाले दर्जन भर गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है। ओड़गी विकासखंड के ग्राम चिकनी, लांजीत, मयूरधक्की, गंगोत्री, कुप्पा, बिजलीडांड़, कोढ़ापुरवा, बलहीपानी, सौहार आदि ग्राम को खाली करा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर नगर सेना की डीडीआरएफ टीम को भी मौके पर तैनात कर दिया गया है। खबर है कि बांध का स्ट्रक्चर भी डैमेज होने लगा है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नही की गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास भी मौके पर पहुंचे। भैयाथान एसडीएम सागर सिंह भी प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर डटे है। कलेक्टर ने वस्तुस्थिति का जायजा लेकर मातहत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए सुरक्षा के लिहाज से डूबान क्षेत्र के ग्रामों को तत्काल खाली कराकर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थल पर रखने का निर्देश दिया है। हमारे प्रतापपुर प्रतिनिधि दीपक चंद मित्तल ने बताया कि बांध के ऊपर से बहते हुए पानी प्लांट में भर गया है। हालांकि अभी तक बांध से निकल रहे पानी के कारण बांध या पावर प्लांट को कोई नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है। बता दें कि चिकनी गांव में मौजूद बांध के दूसरी तरफ बलहीपानी गांव की बसाहट है। इस गांव में बड़ी संख्या में निवास करने वाले ग्रामीणों को मुख्यालय तक पहुंचने के लिए बांध के ऊपर बने रास्ते का ही उपयोग करना पड़ता है। इसके अलावा ग्रामीणों को मुख्यालय से जोड़ने के लिए अन्य कोई मार्ग नहीं है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बांध के ऊपर से गुजर रहे पानी के तेज बहाव ने बलहीपानी के ग्रामीणों का मुख्यालय से संपर्क टूट दिया गया है। बलहीपानी के ग्रामीणों को अब तक डुबान क्षेत्र से बाहर नहीं निकाला जा सका था। क्योंकि चारों ओर से पहाड़ियों से घिरे बलहीपानी गांव तक पहुंचने के लिए एक मात्र रास्ता बांध के ऊपर से होकर गुजरता है और ओवरफ्लो होने के कारण बांध के ऊपर से लगातार तेज गति के साथ पानी का बहना जारी था। ओड़गी विकासखंड के चिकनी स्थित पावर प्लांट से प्रतापपुर के खजूरी गांव में स्थित 33 केवी की क्षमता वाले सबस्टेशन को बिजली की सप्लाई दी जाती है। इसके अलावा जब पावर प्लांट में बिजली का उत्पादन ज्यादा होने लगता है तो बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर तक भी बिजली की सप्लाई दी जाती है।हालांकि अभी तक पावर प्लांट से प्रतापपुर को दी जा रही बिजली की सप्लाई बाधित नहीं हुई है। अभी भी पावर प्लांट का सही तरीके से काम करना बताया जा रहा है। चिकनी स्थित वेनिका हाइड्रो पावर प्लांट के बांध के ऊपर से महान नदी का पानी बह रहा है। बांध के गेट में तकनीकी खराबी के कारण बांध का गेट नही खुलने से डूबान क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के ग्रामीणों को खतरे की संभावना देखते हुए डूबान क्षेत्र के गांवों को खाली कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सुरक्षा के लिहाज से ग्रामीणों को चिकनी गांव के शासकीय छात्रावास, स्कूल एवं पंचायत भवन में पहुंचाया जा रहा है। नदी में पानी के तेज बहाव से बांध के समीप तेजी से कटाव हो रहा है।

## कन्हर नदी का जल स्तर बढ़ते से बढ़ने लगा खतरा

**रामानुजगंज।** पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर है कन्हर नदी का जल स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। जिससे कन्हर के पानी का रिंग रोड किनारे के घरों में घुसने का खतरा मंडराने लगा है। लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई ग्रामीण मार्ग एवं स्टेट हाईवे बाधित हो गए है। रामानुजगंज क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से वर्षा प्रारंभ हुई जो 24 घंटे से लगातार जारी है। बीती रात लगातार मूसलाधार बारिश होती रही वहीं समाचार लिखे जाने तक मूसलाधार वर्षा जारी है। मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है लोग घरों में दुबक गए हैं वहीं कन्हर नदी का जल स्तर आज सुबह से ही बढ़ना प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक बढ़ता ही रहा। कन्हर नदी का पानी राम मंदिर घाट, महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट के नजदीक तक पहुंच गई है। जिस प्रकार से वर्षा लगातार हो रही है उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मंदिरों को जोड़ने वाले सीसी रोड तक कन्हर का पानी पहुंच जाएगा। नगर में बढ़ते जल स्तर से रिंग रोड में कन्हर नदी के किनारे रहने वाले लोग चिंतित हैं यदि जल स्तर इसी प्रकार बढ़ता रहा तो रिंग रोड में रहने वाले घरों तक पानी पहुंच जाएगा। अलर्ट है नगर पंचायत के कर्मचारी रमन नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि लगातार हो रही मूसलाधार बारिश को लेकर नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 15 तक के वार्ड में नगर पंचायत के कर्मचारी अलर्ट है। लगातार जायजा लिया जा रहा है वही कन्हर नदी के जल स्तर पर भी हम सब की नजर है। रामानुजगंज वाड्रफनगर स्टेट हाईवे सहित कई मार्ग हुआ बाधित लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से स्टेट हाईवे सहित कई ग्रामीण सड़क भी बाधित हो गया है रामानुजगंज वाड्रफनगर मुख्य मार्ग पर सिंदूर नदी में पुल के ऊपर से पानी जाने से घण्टो मार्ग बाधित रहा वहीं रामानुजगंज - रामचंद्रपुर - सनवाल मुख्य मार्ग पर कलिकापुर में कुरसा नदी का पानी भी पुल के ऊपर जाने से यह रोड बाधित रहा। वही रामानुजगंज भवरमाल रोड भी पानी के पुल के ऊपर आ जाने से बाधित रहा।

## कार की ठोकर से बालक की मौत

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम लमगांव के समीप तेज गति की कार की टक्कर से तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक नानी के पास जाने के लिए सड़क पार कर रहा था।उसी दौरान कार की टक्कर से वह बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे अंबिकापुर अस्पताल लाया गया था। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मार्ग पर तेज गति के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। जानकारी के अनुसार जशपुर जिला के ग्राम गोरेया थाना नारायणपुर का देवेन्द्र गुप्ता फेरी लगाकर दुकानदारी करता है और करीब छह माह से अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ससुराल ग्राम लमगांव में किराए का कमरा लेकर रह रहा है। उसकी पत्नी व बच्चे अपनी नानी के घर में रहते हैं। शाम लगभग सात बजे उसका पुत्र अंश गुप्ता (तीन) अपनी नानी कांति गुप्ता के साथ घर से बाहर खेलने निकला था। बच्चे की नानी रोड के दूसरे तरफ थी। अंश अपनी नानी को सड़क पार देखा और उनकी तरफ जाने के लिए पैदल सड़क पार करने लगा। इसी दौरान बतौली से अंबिकापुर की ओर जा रही काले रंग की कार के चालक ने तेज गति में अंश को टक्कर मार दी जिससे उसे गंभीर चोटें आई थी। घटना के बाद कार सवार मौके से भाग गया।

## प्रदेश के छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि होगी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज आरंग में पाँच कन्या छात्रावासों का शुभारंभ किया। पाँचो छात्रावासों के शुरू हो जाने से अनुसूचित जाति की तीन सौ कन्याओं की अपनी पढ़ाई के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी। इन छात्रावासों की लागत आठ करोड़ छह लाख रुपये से ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 100 सीटर लागत 174.67 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मंदिर हसौद, 50 सीटर लागत 174.67 लाख, अनुसूचित जाति कन्या आश्रम आरंग 50 सीटर लागत 162.76 लाख, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आश्रम 50 सीटर लागत 162.76 लाख, नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 50 सीटर लागत 152.97 लाख रूपए का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कन्या छात्रावास परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रामफल के पौधे का रोपण किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी हॉस्टल, छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने माइनर नगर वितरक शाखा क्रमांक-एक पोढ़ापार रसोटा तुलसी केशला के जीर्णोद्धार, आरंग एसडीएम और तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के लिए आवास के निर्माण, आरंग रेस्ट हाउस का विस्तार और जीर्णोद्धार करने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक गुरू श्री खुशवंत साहेब की मांग पर भण्डारपुरी गुरुद्वारा परिसर के निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छात्रावास के लोकार्पण कर छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इन भवनों के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग की हमारी बेटियां सुविधापूर्ण तरीके से अपनी शिक्षा को जारी रख सकेंगी और अच्छी तरह पढ़-लिखकर अपने माता-पिता और हमारे प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विकास का मूल मंत्र है। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम ही नहीं है बल्कि उससे भी बढ़कर एक आदर्श समाज की नींव है। किसी भी कार्य को अच्छी तरह कर पाने के लिए शिक्षा का अहम योगदान होता है।

## मूसलाधार बारिश में भी सफाई कर्मियों ने संभाला सफाई व्यवस्था

**रामानुजगंज।** एक ओर नगर में 24 घंटे से लगातार मूसलाधार बारिश होने कारण लोग अपने घरों में दुबके थे वहीं दूसरी ओर नगर के सफाई कर्मी बरसते मूसलाधार बारिश के बीच पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपना कार्य संपादित करते देखे गए। घंटो पानी में भीगकर सफाई कर्मियों ने नगर की साफसफाई व्यवस्था को बहाल रखा। गौरतलब है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले का सबसे बड़ा शहर रामानुजगंज है जहां की आबादी करीब 25000 के करीब है वही नगर 15 वार्डों में करीब 10 किलोमीटर एरिया से अधिक में फैला है। वही यहां मात्र पांच नियमित सफाई कर्मचारी है व प्लेसमेंट के करीब 20 से 25 कर्मचारियों के भरोसे पूरे नगर की सफाई व्यवस्था संचालित होती है। नगर के सीमित संख्या में सफाई कर्मी सुबह एवं देर शाम सफाई करते हैं। सीमित संख्या में सफाई कर्मियों के बावजूद भी नगर की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहती है आज 24 घंटे से हो रही वर्षा के बीच नगर के सफाई कर्मी मूसलाधार बारिश में भीगते हुए घंटो सफाई में लग रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संख्या में हमारे नगर पंचायत के कर्मचारी हैं परंतु इसके बाद भी कर्तव्य निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करते हुए नगर को साफ सुथरा रखने में अपनी पूरा योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बरसते पानी में सफाई करने की जमकर सराहना की।

## नियद नेल्लानार योजना का लाभ हितग्राहियों तक गुणवत्तापूर्वक और समय सीमा पर मिले

### मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायपुर।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर संभाग के कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिले में शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के तहत यहां के निवासियों को मिल रही बुनियादी सुविधाओं की गहन समीक्षा की।

आवासीय विद्यालय, सामूहिक एवं व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा, 500 यूनिट मुफ्त बिजली, किसान सम्मान निधि, किसानों को निःशुल्क बीज एवं कृषि उपकरण, सिंचाई सोलर पंप और किसानों के खेतों में बोरवेल की सुविधा के बारे में जिलों के कलेक्टरों से जानकारी ली। इसी तरह से हाई मास्क लाइट, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री, पेयजल, अग्निवीर भर्ती कोचिंग, युवाओं को कौशल विकास टेऊनिंग और खेल सामग्री, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास, बारहमासी सड़कों की सुविधा सहित मोबाइल कनेक्टिविटी और बैंक एटीएम सुविधा की भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने योजनांतर्गत आने वाले गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूलों की स्थिति और लघु वनोपज की खरीदी सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में पुलिस कैम्पों के अंतर्गत नाइट लैंडिंग सुविधा के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों में लोगों की सभी बुनियादी सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ दिलाने के लिए योजनाबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सुविधा प्रदान करने वाले सभी विभागीय सचिवों के पास कार्ययोजना एवं दी जा रही सुविधाओं की जिलेवार अपडेट जानकारी रहना चाहिए। मुख्य सचिव ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि योजना क्षेत्र के गांवों में सभी हितग्राहियों को राशनकार्ड पर चावल, गुड़, चीनी, चना इत्यादि सामग्री अनिवार्य रूप से मिले इसकी निगरानी लगातार करें। श्री जैन ने बस्तर संभागायुक्त को नियद नेल्लानार योजना की सतत् निगरानी के निर्देश दिए।

## भारी बारिश से महावीरगंज उड़ो नाला में पानी आने के कारण मार्ग कटा

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज वाड्रफनगर मुख्य मार्ग में लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार के कारण फिर से एक बार यह मार्ग कभी भी बाधित हो सकता है। पिछले वर्ष मूसलाधार बारिश के बाद महावीरगंज उड़ो नाला में पानी आने के कारण मार्ग कट गया था। जिसे बनाने में लोक निर्माण विभाग के द्वारा काफी लापरवाही बरती गई थी उसी समय लोगों ने कहा था कि पुनः यह ऐसी स्थिति में आ जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घटिया कार्य का विरोध करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मांग की थी। परंतु लोक निर्माण विभाग के द्वारा ऐसा कार्य कराया गया कि एक वर्ष में ही पुनः रोड काटने की स्थिति में आ गया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष हुई मूसलाधार बारिश के बाद स्टेट हाईवे रामानुजगंज वाड्राफनगर मुख्य मार्ग महावीरगंज उड़ो नाला से पानी अधिक जाने के बाद सड़क दोनों ओर से कट गया था जिससे कई दिनों तक आवागमन बाधित हो गया था। जिसे जिला प्रशासन के तत्परता के बाद मार्ग को आवगमन लायक बनाया गया था। लोक निर्माण विभाग के द्वारा जब इसकी मरम्मत की जा रही थी। तब स्थानीय लोगों के द्वारा घटिया निर्माण करने का आरोप लगाते हुए विभाग से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मांग की थी पर उनकी उसके बाद भी विभाग के द्वारा जैसे तैसे कार्य कर दिया गया जिसका परिणाम यह हो रहा है कि मूसलाधार बारिश के बाद उड़ो नाला में पहले जैसी स्थिति निर्मित हो रही है जिससे स्टेट हाईवे के कटने का खतरा मंडराने लगा है लोक निर्माण विभाग के कार्यशैली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## 60 वर्षीय मनु लाल सिंह पैदल निकले बाबा धाम में जल चढ़ाने

**रामानुजगंज।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर के रहने वाले मनु लाल सिंह उम्र 60 वर्ष का भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास देखते बन रहा है। 700 किलोमीटर की दूरी तय करके झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जल चढ़ाने के लिए नर्मदा नदी से जल लेकर निकले हैं इस दौरान हुए रामानुजगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में रुके जहां उन्होंने कांवरिया सेवा समिति के सेवा भाव की जमकर सराहना करते हुए कहा कि अनूपपुर से रामानुजगंज के सफर में 350 किलोमीटर के सफर में ऐसी सेवा भावना कहीं देखने को नहीं मिली। ग्राम अनूपपुर के पूर्व पत्रकार 60 वर्षीय मनु लाल सिंह 29 जुलाई को अपने घर से चले थे एवं नर्मदा के उद्गम स्थल से जल उठाकर पैदल बाबा बैजनाथ धाम के लिए निकले एवं आज छठवें दिन रामानुजगंज में शाम 6 के करीब पहुंचे। उनका शिव भगवान के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास देखते बन रहा था। एक ओर क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही थी वही नंगे पैर उनके कदम रुक नहीं रहे थे। प्रतिदिन उनके द्वारा 60 से 70 किलोमीटर की यात्रा तय की जा रही है। पुत्री को पिता से मिलने के लिए तय कर रहे हैं 700 किलोमीटर का सफर- मनु लाल सिंह को प्रेरणा जगी कि भगवान शिव की पुत्री नर्मदा है। जिन्हें भगवान शिव से मिलाने के लिए उन्होंने नर्मदा के उद्गम स्थल से जल उठाकर बाबा बैजनाथ धाम चढ़ने के दृढ़ संकल्प से निकल पड़े है।

# एनएच 130 पर ट्रेलर ने कार को ठोका, दंपत्ति सहित चार घायल

## बंजारी के पास हुई टक्कर

**कोरबा।** सड़क हादसों के ग्राफ को कम करने के लिए लगातार की जा रही कोशिशों के बावजूद तस्वीर बहुत अच्छी नहीं हो सकी है। कोरबा जिले में नेशनल हाईवे पर हादसों भरे सफर में लोगों की मौत हो रही है और वे घायल भी हो रहे हैं। आज सुबह एनएच 130 बी पर हुई दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। इनमें दंपत्ति और उसके दो पुत्र शामिल है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद पीड़ितों को पोड़ी उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

रविवार को सुबह 6.50 बजे के आसपास यह घटना जिला मुख्यालय कोरबा से 80 किमी दूर एनएच 130 बी पर बंजारी में हुई। सूचनाओं के अनुसार ट्रक संख्या एमएच 40 सीडी 2464 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बलेनो कार संख्या सीसी 29 एसी 5801 को सामने से टक्कर मार दी। कार में सवार अजीत पाल मिंज 46 वर्ष, अजीत की पत्नी जयंती 42 वर्ष और इनके दो पुत्र अभिनव पाल 18 वर्ष व नवीन पाल मिंज 15 वर्ष को चोटे आयी। ये सभी अंबिकापुर जिले के प्रतापपुर के निवासी हैं, जो बैंगलोर जाने निकले थे। आगे से इन्हें दूसरा कनेक्शन लेना था। इससे पहले ही कोरबा जिले में हादसे में ये सभी घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना अभिनव पाल के द्वारा पुलिस को 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस की टीम कुछ देर बाद यहां पहुंची। पुलिस ने देखा कि बलेनो कार एक्सीडेंट होकर क्षतिग्रस्त स्थिति में पड़ी है और उसमें सवार चार लोग बूरी तरह से आहत हैं। एम्बुलेंस के माध्यम से इन लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी उपरोड़ा भिजवाया गया और इस बारे में क्षेत्रीय पुलिस को भी सूचित किया गया। सीएचसी में पीड़ितों को जरूरी चिकित्सा दी गई। चोट को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज हास्पिटल रेफर किया गया। बालको पुलिस ने इस घटना पर भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।





### ब्लैक स्पॉट हटाए गए हाईवे से

इससे पहले हाईवे पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने प्रशासन के साथ-साथ एनएचएआई और नागरिकों को सोचने के लिए मजबूर किया। कोरबा जिले के क्षेत्र में कई ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गए, जहां बार-बार इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती रही और इसकी बड़ी कीमत लोगों को चुकानी पड़ी। इस विषय के संज्ञान में आने पर प्रशासन ने परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और एनएचएआई के साथ मिलकर मौके का अध्ययन किया। इसके बाद ब्लैक स्पॉट को हटाने की कार्रवाई की गई। यह सब होने पर भी हाईवे पर घटनाएं क्यों हो रही है, यह कुल मिलाकर पहेली बनी हुई है।

### सड़क पर यातायात किया सामान्य

हाईवे पर हुई दुर्घटना के बाद काफी देर तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आयी। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने की व्यवस्था की गई और आवागमन को सुचारू किया गया।



# कचरा और गंदगी की जद में नगर के वार्ड, नपा को बीमारी का इंतजार

**कटघोरा।** ऐसा लगता है कि नगर पालिक परिषद बारिश के इस सीजन में बीमारियों को फैलने का न्यौता दे रही है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्यों कि नगर के अधिकांश वार्डों में कचरा और गदंगी का फैलाव है। जानकारी होने पर भी इसका निपटारा न होना समझ से परे है।

कटघोरा के वार्ड क्रमांक 9 और 6 में स्थिति कुछ ज्यादा ही गंभीर है। यहां कई जगह गंदगी लंबे समय से पसरी हुई है। इसे हटाने की जरूरत नगर पालिका की स्वस्छता टीम नहीं समझ रही है। दूसरे वार्डों में कमोवेश इसी प्रकार के हालात बने हुए है। लोगों के घरों से लेकर संस्थानों से हर रोज निकलने वाला कचरा यहां वहां फेंका जा रहा है। समय के साथ इसी मात्रा बढ़ रही है और साथ में समस्याएं भी। लगातार हो रही बारिश से खतरें वैसे भी बढ़े हुए है। गंदगी और जल जमाव की स्थिति में बीमारी के वाहक अपनी सक्रियता दिखाते है और इसके असर से लोग बीमार पड़ जाते है। जिस प्रकार की तस्वीर नगर के अनेक हिस्सों में निर्मित है, उसे देख यही लगता है कि नगर पालिका इस मामले में उदासीन है। नपा के सीएमओ ज्ञानपुंज कुलमित्र की पदास्थापना के बाद से इस प्रकार की परेशानियां लोगों के सामने है। वे समझ नहीं पा रहे है कि स्वच्छता अभियान पर फोकस करने वाला निकाय आखिर इस तरह से लापरवाह क्यों बना हुआ है।

## दीपका का दौरा किया कापरी ने

**कोरबा।** वर्षा ऋतु में कोयला उत्पादन डेली टारगेट से घटकर आधा हो गया है। जिसे लेकर अधिकारी लगातार मेगा परियोजनाओं का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी ने दीपका मेगाप्रोजेक्ट का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होने विभिन्न खनन फेस में उत्पादन एवं सीएचपी साइलो से कोयला प्रेषण का जायजा लिया। मानसून तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होने पंपिंग स्टेशन के संचालन का जायजा लिया साथ ही लीलागर नदी के तटबंध का भी निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने खदान की सीमा पर जाकर भू-अधिग्रहण की स्थिति की भी जानकारी ली।

## वित्त मंत्री को जीएसटी से जुड़ी समस्याएं बताई चेम्बर ऑफ कामर्स ने



**कोरबा।** प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित किया गया। जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से व्यापारियों के जीएसटी की समस्याओं से अवगत कराया। वित्त मंत्री ने जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स को आश्वासन दिया कि जीएसटी के छोटे प्रकरणों को निराकरण के लिए कार्रवाई करेंगे। कामर्स के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष योगेश जैन, संरक्षक एम डी माखीजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर पी तिवारी, राजेन्द्र अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल बालाजी, नरेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अशोक चावलानी उपस्थित थे।

## मंत्री देवांगन ने दी हरेली की बधाई



**कोरबा।** प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने नागरिकों को हरेली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। प्रदेश सरकार की किसान कल्याण की नीतियों से खेती में किसानों का मुनाफा बढ़ा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कई अहम निर्णय लिए गए हैं, जिनसे किसान परिवार अधिक सशक्त और फसल उगाने से लेकर उसे बेचे जाने तक की प्रक्रिया बेहद आसान हुई है। सरकार के परिवर्तनकारी फैसलों से छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है, जहां किसानों को उनके धान का उच्चतम मूल्य मिल रहा है।

# किसानों ने कृषि संसाधनों की पूजा, की बच्चों और युवाओं ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**कोरबा।** हरेली के साथ छत्तीसगढ़ में तीज त्योहार की शुरुआत हो गई है। श्रावण अमावस्या को हरेली पर्व पर किसानों ने अपने कृषि उपकरणों की पूजा की। बच्चों और युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दौरान हर कही वातावरण बेहद खास रहा।

हरेली पर्व को लेकर इस प्रकार की मान्यता है कि समृद्धि से जुड़ा हुआ प्रतीक है और इस परंपरा का निर्वहन कई वर्षों से हो रहा है। इस पर्वत तक खेती-बाड़ी से जुड़े प्राथमिक कामकाज पूरे हो जाते हैं और किसान एक प्रकार से फुर्सत की स्थिति में होते हैं। इसलिए आज के दिन उन्होंने अपने कृषि संसाधनों की पूजा अर्चना की। कोरबा के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषक पृष्ठभूमि के लोगों ने पूरी आस्था के साथ इस पर्व को एंजॉय किया। वही हरेली पर बच्चों और युवाओं ने अलग-अलग मनोरंजक प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। गेड़ी पर चढ़ने के साथ नारियल फेंकने जैसी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र बनी रही। सड़क से लेकर गांव की गलियों और मैदान में इस प्रकार की तस्वीर आज देखने को मिली। सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा इन प्रतियोगिताओं में सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत करने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया गया।



**पुलिस ने रखी निगरानी**

कई कारण से आज के दिन मारपीट और दुर्घटना जैसी स्थिति कई स्थानों पर बनने की आशंका होती है, इसके मद्देनजर पुलिस अलर्ट रही। उद्देश्य यही था कि जोश में होश होने के चक्कर में अनहोनी ना हो और किसी को लेने के देने ना पड़े। बताया गया कि सुबह तक हालात अच्छे बने रहे। रुझान और अंतिम परिणाम के लिए शाम तक का इंतजार किया जा रहा है।



## विवादित बीईओ को स्कूल भेजकर खत्म किया किस्सा

**कोरबा।** कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना को लेकर चला आ रहा विवाद आखिरकार उच्च न्यायालय के आदेश उपरांत नई पदस्थापना आदेश जारी होने के साथ थम गया है। यहां बीईओ और प्रभारी बीईओ को नए आदेश के तहत स्कूलों में पदस्थ कर दिया गया है। प्रभारी बीईओ (प्राचार्य) अशोक कुमार चंद्राकर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार, विकासखंड कोरबा में पदस्थ किया गया है। इसी तरह प्रभारी बीईओ कुमदेश गोभिल (व्याख्याता अर्थशास्त्र) को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोरगा ब्लॉक पोड़ी-उपरोड़ा में पदस्थ करने का आदेश अवर सचिव आरपी वर्मा स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी किया गया है। प्रभारी बीईओ अशोक कुमार चंद्राकर का तबादला शासन ने जशपुर कर दिया था और उनके स्थान पर कुमदेश गोभिल को प्रभारी बीईओ पदस्थ किया गया था। तबादला से क्षुब्ध होकर चंद्राकर ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसका निराकरण करते हुए न्यायालय ने दोनों की नई पदस्थापना आदेश जारी करने का निर्देश शासन को दिया था। इसके पालन में उक्त नया आदेश जारी करते हुए दोनों प्रभारी बीईओ को स्कूलों में पदस्थ कर दिया गया है।

### गीतकुंवारी में हाथियों ने रौंदी फसल

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंवारी में तीन हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल ने 2 किसानों की फसल रौंद दी है।

## कच्चे मकान का एक हिस्सा ढहा

**कोरबा।** शहर में हो रही लगातार बारिश अब मुसीबत बन गई है। बारिश के चलते शनिवार को काशी नगर निवासी विशाल का कच्चा मकान का एक हिस्सा धराशायी हो गया। इससे घर-गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। गरीब परिवार के सामने संकट की स्थिति पैदा हो गई है। पीड़ित परिवार ने नगर निगम एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मुआवजा देने की मांग की है। विशाल ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है एवं उनकी पत्नी के साथ मजदूरी के लिए गया हुआ था।

## अग्रवाल समाज देगा कर्मठ योद्धाओं को अग्रभूषण व अग्ररत्न सम्मान

**कोरबा।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने अग्रवाल समाज में प्री-वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगा दिया है। संगठन की हैदराबाद में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। इसी प्रकार समाज में आपसी विवादों के निपटारे के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय समिति बनाई जाएगी। इसमें समाज स्तर पर काम कर रहे अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। बैठक में कोरबा जिले के पदाधिकारी भी शामिल हुए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि बैठक में हर साल अग्रसेन जयंती समारोह की ही तरह महालक्ष्मी वरदान दिवस मनाने का भी फैसला लिया गया। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर समाज के 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का हर साल दिल्ली में सम्मान करने और राष्ट्रपति पुरस्कारों की तरह समाज के कर्मठ योद्धाओं को प्रत्येक वर्ष दिसंबर में 51 अग्र भूषण व अग्ररत्न सम्मान देने का भी निर्णय लिया गया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय समन्वय समिति के गठन के बाद बैठक में लिए गए फैसलों को लागू कराने के लिए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन और छत्तीसगढ़ प्रदेश अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों से बात की जाएगी। इन संगठनों को समन्वय समिति से जोड़कर सेवा कार्यों का दायरा बढ़ेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने बताया कि आमतौर पर लोग मांगलिक अवसरों पर ब्रिटिश (विक्टोरिया) चांदी के सिक्के उपहार में देते हैं। देश के आजाद होने के 75 साल से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद हम दासता के इस प्रतीक को ढो रहे हैं।

# अपहरण व फिरोती मामले के अभियुक्त को अदालत ने किया दोषमुक्त

**कोरबा।** मानिकपुर क्षेत्रांतर्गत 5 अगस्त 2015 में हुए अपहरण व फिरौती के मामले में अभियुक्त को सत्र न्यायाधीश की अदालत में दोषमुक्त कर दिया है। अभियुक्त की ओर से पैरवी युवा अधिवक्ता धनेश सिंह की।

मामला इस प्रकार है शांतनु शर्मा के नाना रामलखन शर्मा द्वारा 5 अगस्त 2015 को पुलिस चौकी मानिकपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी की उसकी छोटी पुत्री उमा विश्वकर्मा की पुत्र शांतनु उर्फ लक्की उसके साथ रहकर सनराईज प्राथमिक शाला कृष्णानगर में कक्षा 2री में पढ़ता है। 5 अगस्त 2015 को करीब 6.15 बजे मोहल्ले के पूजा पण्डाल में खेलने गया था। वह अपने घर के पास टहल रहा था। करीब 7 बजे रात में मोहल्ले के भावेश नामक बालक उसके पास आकर कागज के लायनिंगदार 4 पन्ने में लाल स्याही से लिखा हुआ कागज दिया और बताया कि दो अलग-अलग मोटर सायकल में दो-दो सवार लड़के दुर्गा पण्डाल के पास आये। एक मोटर सायकल में सवार दो लड़के ने खेल रहे शांतनु उर्फ लक्की को पास बुलाकर मोटर सायकल में बैठाकर ले गये तथा दूसरे मोटर सायकल में सवार लड़कों ने उसे बोला की ये कागज के पन्ने शांतनु के नाना को दे देना। तब कागज को देखकर वह पढ़ा जिसमें शांतनु के अपहरण के संबंध में लिखा हुआ था तथा जिंदा देखना चाहते हो तो कागज के पन्ने के नीचे लिखे मोबाईल नंबर 8717801164 में कॉल करने का उल्लेख तथा धमकी भरे शब्द लिखा था। किसी को संबंध में बताया गया तो जान से खत्म कर देंगे। तब वह पढ़कर भयभीत होकर अपने छोटे पुत्र राजेश शर्मा को कागज के पन्ने दिखाकर नीचे लिखे मोबाईल नंबर पर कॉल किया। बातचीत उपरांत बताया कि उसके नाती शांतनु को अपहरण कर लिये है, बदले में 5 लाख रूपये दोगे तो छोड़ेंगें नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। प्रार्थी की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए मानिकपुर ने पुलिस ने जब जांच पड़ताल की और अभियुक्त प्रशांत सिंधे के कॉल डिटेल के आधार पर पता चला कि वह अभियुक्त के अधिपत्य में सीएसईबी कालोनी के मकान में अपहरण के बाद रखा गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शांतनु को बरामद किया। वहीं अभियुक्तों के मेमोरण्डम के आधार पर प्रशांत शिंदे से ग्लैमर, लाल-काला रंग का एक मोटर सायकल, इंटेक्स कंपनी का मोबाईल डबल सिम वाला, एक डायरी, काले रंग का मार्कर पेन, लाल स्याही वाला बालपेन, एक गमछा, एक स्लेटी रंग का मोबाईल, प्रमोद रात्रे से हीरोहोण्डा पेशन वह एक लोहे का चाकू नूमा रॉड, सूरज से एक धारदार चाकू जब्त किया गया। मामले में पुष्पेंद्र व सूरज को अपचारी बालक होने के कारण उनके विरूद्ध प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया। शेष अभियुक्तों के विरूद्ध प्रकरण तैयार कर विचारण हेतु मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट कोरबा के न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अदालत की सुनवाई होती रही। इस दौरान अभियुक्त प्रशांत शिंदे के विरूद्ध कोई भी प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, साथ ही अपृहत बालक शांतनु ने भी अभियुक्त को पहचानने से इंकार कर दिया। जिससे अभियोजन की कहानी ने संदेह उत्पन्न हो गया। चूंकि अन्य अभियुक्त प्रमोद व सूरज को न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किया गया अतः अदालत ने प्रशांत शिंदे को भी दोषमुक्त किये जाने का फैसला सुनाया।

## बीटीएस में हुआ छात्र परिषद का गठन

**कोरबा।** जिले के बालको टाउनशिप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको में छात्र परिषद का गठन किया गया किया गया है। चुने गए परिषद के पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह को प्रार्थना सभा में आयोजित किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि यादव, सचिव रविंद्र यादव, सहसचिव मिनेश्वर पेगु, कोषाध्यक्ष महेंद्र चंद्रा, सदस्य राम गोविंद बरेठ, मनेन्द्र कुर्रे ,विमला मार्को एवं प्राचार्य श्रीमती नीलम सिंह उपस्थित थे। प्राचार्या ने बच्चों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सलाह दी । अध्यक्ष चंद्रमणि यादव ने भी प्राचार्या की बातों को मानने को कहा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने व कर्तव्य पालन की शपथ दिलाया गया।

## लिंक एक्सप्रेस की तीन बोगियों में लगी आग, जनहानि नहीं



**कोरबा।** कोरबा-विशाखापट्टनम कोरबा एक्सप्रेस (18517) आज आगजनी की चपेट में आ गयी। यह हादसा विशाखापट्टनम स्टेशन पर हुआ। ट्रेन स्टेशन पर रूकी तो इसी दौरान इसमें अचानक से आग लग गई। आग लगने की यह घटना सुबह 10 बजे की है। स्टेशन के चौथे नंबर के प्लेटफॉर्म पर हुई। इस दौरान तीन एसी बोगियां पूरी तरह जल गई हैं। घटना तब हुई जब गाड़ी पहुंचने के बाद सभी यात्री उतर चुके थे। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। रेलवे अधिकारियों ने शुरू में पाया कि यह दुर्घटना बी-7 बोगी के शौचालय में शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। जबकि दो अन्य बोगी आंशिक रूप से जली है। घटना की खबर होने पर रेलवे का तकनीकी अमला मौके पर पहुंचा और आग पर नियंत्रण किया।

ऊं भूर्भुवः स्व तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात

**कार्यालय प्राचार्य गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय**

(गायत्री विद्या मंदिर समिति, कोरबा द्वारा संचालित)

फोन नं. : (07759247007)

Email-gayatrischoolkorba@gmail.com

**आवश्यकता है**

गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानी रोड कोरबा में निम्नलिखित विषय शिक्षकों की आवश्यकता है।

1. अंग्रेजी शिक्षक - 01 पद (संबंधित विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर, बी.एड.)
2. भौतिक शिक्षक - 01 पद (संबंधित विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर, बी.एड.)
3. गणित शिक्षक- 01 पद (संबंधित विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर, बी.एड.)

इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 08.08.2024 को विद्यालय में प्रातः 10 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवें।

**दिनेश कुमार सिंह**
व्यवस्थापक, गायत्री विद्या मंदिर समिति कोरबा

**होटल आकाश**

सर्व सुविधायुक्त रूम एवं हॉल उपलब्ध

हॉल - 400Sq.ft. से लेकर 2500Sq.ft. तक 15 से लेकर 300 व्यक्तियों की व्यवस्था

तरूण छत्तीसगढ़ के बगल में, तिलक मार्ग बुधवारी बायपास रोड, कोरबा (छ.ग.)

बर्थडे पार्टी, तिलक समारोह, कीटी पार्टी एवं हर प्रकार के सामाजिक समारोह के लिए आपके बजट पर हमेशा तैयार मिलेगा।

संपर्क करें 9425223290, 8908530000, 8103865081






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com